## पिठोरिया : पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में चुटिया को मिला प्रथम पुरस्कार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पिठोरिया।** श्री श्री महावीर मंडल पिठोरिया के तत्वावधान में आयोजित अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन के दौरान विभिन्न अखाड़ों से आए प्रतिभागियों ने तलवार, भाला, गदा, धनुष-बाण और लाठी जैसे पारंपरिक हथियारों के संचालन का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मंडल के अध्यक्ष कृष्णा नायक ने सभी अखाड़ाधारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राम भक्तों ने जिस अटूट उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।



उन्हें पूर्ण विश्वास है कि अगले वर्ष भी इसी ऊर्जा के साथ आयोजन सफल होगा। उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी विजय कुमार गोप ने बताया कि चुटिया श्री महावीर मंडल छोटा नागपुर क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बड़ा शील्ड, मेडल, तलवारें और नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

शिव शक्ति बजरंग दल संघ को द्वितीय पुरस्कार के रूप में बड़ा शील्ड, तलवार और नकद राशि प्रदान की गई। तीसरे स्थान पर श्री श्री बजरंग दल ज्योति क्लब चटकपुर रहा, जिसे शील्ड व तलवार देकर सम्मानित किया गया। चौथे स्थान पर न्यू रंगारंग झीमी समिति इरगु टोली मधुकम रांची और पांचवें स्थान पर पवन पुत्र क्लब चचगुरा रहा, जिन्हें शील्ड, ढाल और तलवार के साथ नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही अस्त्र शस्त्र चालू में प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में नकद तलवार देकर सम्मानित किया गया।

## सिल्ली के दो युवकों की मौत के बाद गांव में छाया मातम

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** चामघाटी के समीप सिल्ली के दो युवक का सड़क दुर्घटना से दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से गांव में मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक सिल्ली थाना अंतर्गत गोड़ाडीह पंचायत के नावाडीह गांव निवासी पशुपति महतो के पुत्र प्रभात कुमार महतो (27) एवं राजेंद्र महतो के पुत्र अनिल महतो (32) एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम को लेकर रांची की ओर जा रहे थे। तभी चमघाटी के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चपेट में आने से दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार एवं गांवों में को कोहराम मच गया। गांवों के आधे से अधिक लोग घटना क्षेत्र की ओर भागे। घरों में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया दोनों यूवक काफी मिलनसार एवं हंसमुख थे।दोनों मित्र हमेशा कामों से छुटकारा मिलते ही वो साथ ही रहते थे। प्रभात हिंडालको मुरी में



सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। उसकी दो बेटी एक 6 साल दूसरी 2 साल की है। रविवार सुबह ही वह अपनी पत्नी को उसके मैके छोड़ आया था। वही अनिल राज मिस्त्री का काम करता था। देर शाम जैसे ही दोनों का शव गांव पहुंचा गांवों में भीड़ उमड़ पड़ी।वही प्रभात की माता अपने एक लौते पुत्र को आवाज दे कर दहाड़े मारकर रो रही थी। वहीं उनकी पत्नी बार बार अचेत होकर गिर रही थी। ग्रामीण दोनों मृतक के परिजनों को सम्हालने में जुटे थे।

### संक्षिप्त

#### खलारी में 12 वर्षीय छात्र लापता, परिजन चिंतित

**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र से एक 12 वर्षीय बालक के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोहित



राज उर्फ जिगर रविवार की सुबह लगभग 8:30 बजे घर से नाराज होकर निकल गया, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। रोहित राज डॉन बोस्को स्कूल में कक्षा 5 का छात्र है। वह खलारी पहाड़ी मंदिर के पास का निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद से परिजनों में गहरी चिंता व्याप्त है और वे उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। लापता बालक के पिता राजकुमार गुप्ता, जो पेशे से टेम्पो चालक हैं, ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को भी बच्चे के संबंध में कोई जानकारी मिले तो कृपया तुरंत मोबाइल नंबर 7004268173 पर सूचना दें। स्थानीय लोगों और प्रशासन से भी बच्चे की जल्द से जल्द खोजबीन में सहयोग की अपील की गई है।

#### कुएं में गिरने से एक महिला की मौत

**सिल्ली।** मुरी ओपी क्षेत्र के बांसारूली गांव के जामटोला निवासी स्व अजय महतो की 24 वर्षीय बेटी मंजू कुमारी की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी कारवाई कर रही है।मृतिका का भाई प्रथम महतो ने बताया कि शनिवार शाम को घर पर शोच जाने की बात कह कर घर से निकली थी।काफी देर घर नहीं पहुंचने पर घर के आस पास खोजने लगे तभी पास ही एक कुएं पर देखा तो लाश पड़ी थी। माना जा रहा है कि वह पानी भरने के दौरान गिर गई होगी। उसकी दिमागी हालात खराब बताई जाती है। मुरी ओपी में इस संबंध में एक यूडी केश दर्ज की गई है।

#### इटकी प्रखंड उप प्रमुख को मातृशोक

**इटकी।** प्रखण्ड के उपप्रमुख परवेज आलम की माता सईदा खातून (65) की ब्रेनहेमरेंज हो जाने के कारण शनिवार की रात मौत हो गयी है। वे अपने पिछे पति मास्टर मो० सिदीक सहित चार बेटे और दो पुत्री सहित भरापूर परिवार छोड़ गये। रविवार के दो बजे जनाजे को खाक- ए- सुपर्द कर दिया गया।उनके जनाजे में इस्लाहूल इराकीन फाउडेंशन के अध्यक्ष जावेद अकतर, सीओ मो० अनीश, संजय गोप सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# रामनवमी की शोभायात्रा में पथराव के विरोध में आज से अनिश्चिकालीन खूंटी बंद का आह्वान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** जिले के मुरहू में रामनवमी की शोभायात्रा में पथराव और उसके दूसरे दिन शनिवार को दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद पुलिस द्वारा हिंदू समुदाय के कुछ लोगों को हिरासत में लिए जाने के विरोध में केंद्रीय रामनवमी महासमिति खूंटी और विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने रविवार 30 मार्च से अनिश्चितकालीन खूंटी जिला बंद का आह्वान किया है। गिरफ्तारी के विरोध में महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप सहित काफी संख्या में हिंदूवादी संगठनों ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के नेतृत्व में रविवार को खूंटी थाना के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। बाद में महासमिति की ओर से थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कहा गया कहा कि जब तक निर्दोष रामभक्तों को बिना शर्त रिहा नहीं किया जाता, तब तक खूंटी जिला बंद रहेगा।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने प्रशासन से अपील की कि ऐसी कार्रवाई न हो जिससे क्षेत्र का



शांतिपूर्ण माहौल प्रभावित हो। उन्होंने हिरासत में लिए गए निर्दोष लोगों को तत्काल रिहा करने की मांग की। प्रदर्शन में केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, विहिप जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल, बजरंग दल जिला संयोजक मुकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन खूंटी बंद किया जाएगा।

**निर्दोषों पर नहीं होगी कार्रवाई :** एसडीपीओ वरुण रजक ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि किसी भी निर्दोष की गिरफ्तारी नहीं होगी और केवल दोषियों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामनवमी शोभा यात्रा में पथराव करने वालों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की। धरना प्रदर्शन के मद्देनजर थाना परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रशासन लगातार लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहा है ताकि स्थिति सामान्य बनी रहे। वहीं, घटना के विरोध में सोमवार दोपहर बाद खूंटी के अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें स्वतः बंद कर पुलिस कार्रवाई के खिलाफ नाराजगी जताई। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। एसडीपीओ के अनुसार, मुरहू की घटना में अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें तीन प्राथमिकी पुलिस प्रशासन की ओर से, जबकि सात दोनों पक्षों के आवेदन पर दर्ज हुई हैं। फिलहाल प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

**क्या है मामला :** मुरहू में रामनवमी की शोभायात्रा में मस्जिद गली में पथराव किया गया था। मुरहू थाना की पुलिस ने दोनों पक्षों को थाना बुलाकर समझा बुझा कर मामले को शांत करा दिया था, लेकिन रामनवमी के दूसरे दिन शनिवार को दोनों समुदायों में जमकर पत्थरबाजी हुई, जिसमें मुरहू के थाना प्रभारी नोएल गॉडविन केरकेट्टा और पुलिस कर्मियों सहित कई लोगों को चोट लगी। खूंटी की अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी और अन्य अधिकारियों के प्रयास से मामला शांत हो गया। शनिवार रात को ही पुलिस ने हिन्दू समाज के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके विरोध में गानालोया गांव के लोगों ने शनिवार की सुबह मुरहू थाना के समक्ष प्रदर्शन भी किया।

## अनगड़ा के चमघाटी मे भीषण सड़क हादसा अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार दोस्तों को रौंदा, मौत

**सिल्ली।** अनगडा, रांची- पुरुलिया मुख्य मार्ग पर अनगड़ा थाना क्षेत्र के



चमघाटी के पास रविवार सुबह 9 बजे के करीब एक भीषण सड़क हादसे मे दो युवको कि जान चली गयी। तेज रफ़्तार एलपी ट्रक ने बाइक को अपने चपेट मे ले लिया।जिससे बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हों गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी की ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत मे जा घुसा। जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 9बजे की है। सिल्ली थाना क्षेत्र के गोडाड़ीह पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव निवासी अनील चंद्र महतो(27 वर्ष) और प्रभात चंद्र महतो(35 वर्ष) बाइक से रांची की और जा रहे थे। प्रभात के ससुर रांची के एक हॉस्पिटल मे भरती है। जिसे दोनो उन्हे देखने जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एलपी ट्रक ने उन्हे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगो की भीड़ जुट गयी। मृतक की पहचान नवाडीह निवासी के रूप मे हुई है। घटना की सूचना मिलते ही अनगडा.थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवो को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और बाइक को कब्जे मे ले लिया है।

## खलारी रेलवे स्टेशन से व्यक्ति लापता परिजनों ने लगाई मदद की गुहार

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो



गया है। लापता व्यक्ति की पहचान भोला प्रसाद (पिताझरामनाथ) के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भोला प्रसाद की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। वे खलारी रेलवे स्टेशन के पास देखे गए थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की, लेकिन उनका सुराग नहीं मिल सका। आखिरकार थक-हारकर परिवार ने स्थानीय पुलिस में सूचना दी है और आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। परिजनों का कहना है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस हुलिये का व्यक्ति कहीं दिखाई दे या उनके बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो 9876722076, 9065319123 पर तुरंत संपर्क करें या नजदीकी खलारी थाना प्रभारी को सूचना दें। परिजनों ने भावुक अपील करते हुए कहा है कि आपकी एक सूचना हमारे अपने को हमसे मिला सकती है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ को सामग्री वितरित



खलारी। प्रखंड कार्यालय खलारी में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों के बीच निर्वाचन संबंधी सामग्री का वितरण किया गया। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, खलारी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खलारी प्रखंड के कुल 69 बूथों के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को किट बैग, टोपी सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि पहले प्रखंड में 60 मतदान केंद्र थे, लेकिन मतदाताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए 9 नए मतदान केंद्रों का गठन किया गया है। सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पूर्व में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि वे पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपन्न करें।

## गैंगस्टर प्रिंस खान का शूटर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची पुलिस कुख्यात अपराधी प्रिंस खान गैंग पर नकेल कसने के लिए लगातार कारवाई कर रही है। इसी क्रम में प्रिंस खान के खास शूटर सचिन यादव को रांची पुलिस के जरिये गिरफ्तार किया है। सचिन यादव टिटोस रेस्त्रां में हुई गोलीबारी में शामिल था। इस वारदात में रेस्त्रां के एक वेटर की गोली लगने की वजह से मौत हो गई थी। रांची पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के कुख्यात अपराधी सचिन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ०८ मार्च को टिटोस रेस्त्रां में हुई गोलीबारी में सचिन यादव भी शामिल था। सचिन यादव ने ही प्रतिष्ठान पर फायरिंग की थी, जिसमें मनीष गोप नाम के वेटर की मौत हो गई थी। रांची सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि पिछले साल 27 दिसंबर को ग्राम लोधमा स्थित टिटोस रेस्त्रां के मालिक राजकुमार गोप, उनके दो साथी पुष्कर महतो और पिंटु कच्छप को संगठित आपराधिक गिरोह प्रिंस खान के जरिये इंटरनेट कॉल के माध्यम से ऑडियो मैसेज भेज कर एक करोड़ रुपए रंगदारी की मांग की गई। पैसे नहीं देने पर लगातार धमकियां दी जा रही थी।

## सिल्ली सीओ के ड्राइवर ने क्वार्टर मे लगाई फांसी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** सिल्ली अंचल अधिकारी (सीओ) अरुणीमा एक्का के सरकारी चालक राजकुमार गोंझु (35) ने शनिवार देर रात प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अपने क्वार्टर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात करीब 12 से 1 बजे के बीच की बताई जा रही है । रविवार सुबह पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स ( रांची) भेज दिया है।

**बेटे के शोर मचाने पर जुटी भीड़ :** जानकारी के अनुसार राजकुमार शनिवार रात मे अपने छह वर्षीय पुत्र के साथ एक कमरे मे सोया



हुआ था,जबकि बगल के कमरे मे उसकी पत्नी अपनी दो साल की बेटी के साथ थी। देर रात जब बेटे की नींद खुली तो उसने पिता को पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका देखा । बच्चे के रोने - चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग जुटे और फंदे से निचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हों चुकी थी।मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया की प्रथम दृस्ट्या यह आत्महत्या का मामला है,सम्भवतः वह किसी तनाव मे था। बताया जा रहा है की पति-पत्नि के बीच अक्सर विवाद होता रहता था, जिसके कारण वह एक ही क्वार्टर मे अलग-अलग कमरों मे रहता था। वही, एक अन्य चर्चा यह भी है कि राजकुमार ने सिंहपुर मौजा मे 5 डिसमिल जमीन खरीदने के लिए 2 लाख रुपये का नगद भुगतान किया था। रविवार को ही जमीन कि मापी होनी थी। शनिवार शाम 7 बजे वह अपने दोस्तों को पुरी जाने के लिए मुरी स्टेशन छोड़ने गया था।

## एनके एरिया में सरहुल महोत्सव : भव्य शोभायात्रा ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति के तत्वावधान में डकरा में आयोजित सरहुल महोत्सव का आयोजन शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डकरा स्थित सरना स्थल पर पाहन शिवचरण गंझू द्वारा पारंपरिक विधि से पूजा अर्चना की गई। पूजा के बाद विभिन्न गांवों से आई खोड़हा टीमों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य और गीत प्रस्तुत कर भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा महाप्रबंधक कार्यालय से मुख्य सड़क होते हुए केडीएच सरना क्लब तक पहुंची, जहां सरहुल गीत एवं नृत्य कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया पुतुल देवी, मुखिया ललिता देवी, मुखिया दीपमाला कुमारी, मुखिया सुनीता देवी, कांग्रेस नेत्री इंदिरा देवी, रैविमो प्रवक्ता रामलखन गंझू, देवपाल मुंडा, अशोक लकड़ा, नरेश गंझू, बाजो देवी, मुन्ना देवी, उदय सिंह सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन में रंथू उरांव और सूरज मुंडा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी टीमों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कन्हाई पासी, प्रभाकर गंझू, अमर भोगता, राजकुमार उरांव, राजकुमार मुंडा, महेंद्र भोगता, रूपलाल गंझू, नुन्दन गंझु, मिथुन गंझू, सुकरा उरांव, दीपक टाना भगत शामिल हुए। एनके एरिया में यह महोत्सव न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का माध्यम बना, बल्कि स्थानीय जनसमुदाय को एकजुट करने का भी अवसर प्रदान किया।

# सरहुल पर आदिवासी महिलाओं को साड़ी की भेंट

## जनप्रतिनिधियों ने संस्कृति संरक्षण का दिया संदेश

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** खलारी प्रखंड में सरहुल पर्व के पावन अवसर पर आदिवासी समाज की महिलाओं को सम्मानित करने की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। माननीय विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा के सौजन्य से विभिन्न सरहुल खोढ़ा की महिलाओं के बीच लाल पाड़ साड़ी का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी परंपरा, संस्कृति और त्योहारों के प्रति महिलाओं के योगदान को सम्मान देना बताया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने महिलाओं के बीच जाकर उपहार वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरहुल जैसे पारंपरिक पर्व



न केवल प्रकृति और संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि समाज को जोड़ने का भी कार्य करते हैं। ऐसे में इन पर्वों को मनाने वाली महिलाओं का सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास भी मजबूत होता है। महिलाओं के चेहरों पर उपहार प्राप्त करने के बाद दिखी खुशी कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो, जावेद अंसारी, मोनू सिंह, बबलू सिंह, धीरज बहादुर, पवन उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने विधायक श्री सुरेश कुमार बैठा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यों के माध्यम से लोगों से जुड़े हुए।

## नवाहन पारायण महायज्ञ सह रामचरितमानस कथा का भव्य समापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**राहे।** प्रखंड के चुतरुडीह गांव में आयोजित नवाहन पारायण महायज्ञ सह रामचरितमानस कथा का सफल आयोजन 21 मार्च से 29 मार्च तक किया गया। नौ दिवसीय पावन धार्मिक अनुष्ठान का भव्य समापन 29 मार्च को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति एवं आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा। समापन के अवसर पर 150 महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। रामचरितमानस कथा के दौरान कथा वाचन का दायित्व सुभाष पांडे, रवि ठाकुर, फूलन देवी, हेमंती देवी, अंबा रानी



एवं नरहरि सिंह मुंडा द्वारा निभाया गया। सभी कथा वाचकों ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, त्याग एवं धर्म के संदेशों का प्रभावशाली एवं भावपूर्ण वर्णन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी भुवनेश्वर महतो उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लोवाहातू पंचायत की मुखिया रंभावती देवी, उप मुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य बेहल्या देवी, सोशल मीडिया कांग्रेस जुलाबअध्यक्ष जगदीश चंद्र महतो दीनबंधु महतो ,बासुदेव महतो, कार्तिक अहीर, राजेंद्र अहीर, सूरजन अहीर, योगेश्वर महतो, पशुपति महतो, डिप्टी महतो एवं धनंजय अहीर आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिष्णु यादव, जगत महतो, मुचीराम महतो, दिलीप अहीर, क्षेत्रमोहन मुंडा, भागीरथ महतो, भजोहारी महतो, प्रह्लाद अहीर, संतोष यादव, इंद्रजीत महतो, दुर्गा चरण महतो, मुकेश महतो एवं चंद्र मोहन महतो का विशेष योगदान रहा।

# रांची ट्रेड फेयर में तीन हजार से अधिक खरीदारी पर मिल रहा आकर्षक उपहार

**झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग ने लगाया ट्रेड फेयर**

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में आयोजित ट्रेड फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। छुट्टी के दिन का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में शहरवासियों ने मेले का रुख किया। ट्रेड फेयर में पहुंचे लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया। घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर सजावटी सामान, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई उत्पादों की खरीदारी की। परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन का भी आनंद लिया। मेले में लगाए गए



स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। खासतौर पर इंटरनेशनल स्टॉल पर लोगों को अधिक भीड़ दिखी।

अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट की पूरी रेंज उपलब्ध है। अफगानिस्तान के स्टॉल पर भी लोग ड्राई फ्रूट्स की खरीदारी करते नजर आए। थाईलैंड का फुटवेयर भी लोगों को भा रहा है। यहां फुटवेयर 700 रुपए में मिल रहा है। फुटवेयर खरीदने की अधिक भीड़ लड़कियों की हो रही है। बंग्लादेश कि साड़ी भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। यहां साड़ी दो से 10 हजार तक में बिक रहा है। ट्रेड फेयर में तीन हजार रुपये की खरीदारी करने पर एक आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। गिफ्ट काउंटर पर बिल दिखाने के बाद उपहार ले सकते है। वही, कई स्टॉल में उत्पादों पर छूट मिल रहा है। फर्नीचर आइटम पर भी भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। वहीं, किचन में प्रयोग होने वाले 150 से अधिक उत्पाद बिक रहे है।

झारखंड चैंबर के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा इस बार ट्रेड फेयर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को उम्मीद से कहीं अधिक भीड़ उमड़ी, जिससे यह साफ है कि लोग ऐसे आयोजनों का इंतजार करते हैं। मेले में स्थानीय व्यापारियों के साथ-साथ देश-विदेश के विक्रेताओं को भी एक बेहतर मंच मिला है। इससे न सिर्फ व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि शहर के लोगों को एक ही स्थान पर विविध उत्पादों की खरीदारी का अवसर मिल रहा है।

# बीआईटी मेसरा के वार्षिक फ्लैगशिप बिजनेस इवेंट 'बीट्रिक्स' का समापन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बीआईटी, मेसरा का प्रबंधन अध्ययन विभाग के वार्षिक फ्लैगशिप इवेंट 'बीट्रिक्स' का समापन हुआ। इस बिजनेस और मैनेजमेंट फेस्टिवल में चार कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इवेंट शामिल थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागी छात्रों के रणनीतिक, विश्लेषणात्मक और रचनात्मक कौशल का परीक्षण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार झा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया। इस प्रतियोगिता के चार अलग-अलग



खंडों में कड़ी प्रतिस्पर्धा, अभिनव समस्या-समाधान और असाधारण टीम वर्क देखने को मिला। गहन विचार-मंथन और प्रस्तुतियों के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के अंतिम परिणामों की आधिकारिक घोषणा की गई।

## संक्षिप्त

### भाजपा झारखंड में नई जिम्मेदारी, अमित कुमार सिंह बने प्रदेश मंत्री

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड प्रदेश संगठन की नई टीम का गठन करते हुए अमित कुमार सिंह को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में की गई। अमित कुमार सिंह को संगठन का कर्मठ और जमीनी कार्यकर्ता माना जाता है। वे पहले भाजपा युवा मोर्चा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं और अपने सक्रिय नेतृत्व के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति पर सामाजिक कार्यकर्ता व्रजेश शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा तथा पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचेगी। वरियातू, रांची सहित पूरे क्षेत्र में उनकी नियुक्ति को लेकर कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है।

### सड़क हादसे में बिजली मिस्त्री मतीन की मौत

**रांची/रातू।** रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया रिंग रोड स्थित एक दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय बिजली मिस्त्री मतीन अंसारी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, मतीन अंसारी फुटकलटोली निवासी थे और रातू पावर हाउस में कार्यरत थे। घटना शुक्रवार रात करीब 11 बजे की है, जब वह ड्यूटी के दौरान रिंग रोड पर खड़े थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### श्याम मंदिर में श्रद्धा भाव से मना कामदा एकादशी उत्सव

**रांची।** रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को कामदा एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव के वातावरण में आयोजित किया गया । प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही , बेला , रजनीगंधा , गुलाब , एवम तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

**एनयूएसआरएल में दिवसीय राज्यस्तरीय सेमिनार का समापन**

# वृद्धावस्था में अधिकार और समस्या पर हुई चर्चा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्डी एंड रिसर्च इन लॉ, रांची में दो दिवसीय सेमिनार का रविवार को समापन हो गया। 28-29 मार्च 2026 को जेरियाट्रिक ज्यूरिसप्रूडेंसः गरिमामय वृद्धावस्था के लिए अधिकार-आधारित दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विधि विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नीति-निमार्ताओं तथा प्रैक्टिशनरों ने भाग लेकर वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

सेमिनार का उद्घाटन सत्र संयोजक डॉ. अरविंद साहू के स्वागत भाषण के साथ प्रारंभ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जबकि सह-संयोजक डॉ. सौम्यजीत मुखोपाध्याय ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के पहले दिन की शुरूआत पंजीकरण के साथ हुई, जिसके बाद प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सौरभ सरकार की फिल्म निभृतोचारी का प्रदर्शन किया





गया, जिसमें सकारात्मक वृद्धावस्था की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अशोक आर पाटिल ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सशक्त कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री न शिवशंकर अमरन्नवर (कर्नाटक उच्च न्यायालय) ने जेरियाट्रिक देखभाल के बदलते कानूनी आयामों तथा न्यायिक संवेदनशीलता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता तान्या सेनगुप्ता ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा करते हुए भारत सरकार की पहलों, जैसे राष्ट्रीय वृद्धजन नीति एवं माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण व कल्याण अधिनियम, 2007 पर प्रकाश डाला।

सेमिनार के विभिन्न सत्रों में स्वास्थ्य संबंधी अधिकार, होम केयर सेवाएं और पालीएटिव केयर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर डॉ. अभिजीत दाम द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए। तकनीकी सत्रों में उत्तराधिकार, वसीयत संबंधी अधिकार तथा संपत्ति विवाद जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने गहन चर्चा की। दूसरे दिन के सत्रों में आयुवाद (एजिज्म) से निपटने, सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने तथा वृद्धाश्रम एवं सहायक आवास जैसी संस्थागत व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान डॉ मसूर जहां एवं आशीष सिलस्वाल ने वृद्धावस्था में मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं पर अपने विचार साझा किए।इसके अतिरिक्त डॉ शशिनाथ मंडल ने विधायी उपायों तथा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण में राज्य एवं गैर-राज्य संस्थाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। समापन सत्र में सह-संयोजक डॉ. सौम्यजीत मुखोपाध्याय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस प्रकार यह सेमिनार एक ज्ञानवर्धक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण आयोजन के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं पेशेवरों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे समकालीन विधिक विमर्श में जेरियाट्रिक ज्यूरिसप्रूडेंस के बढ़ते महत्व की पुष्टि हुई।

### बेसिकली पुस्तक भेंट कर युवाओं को मूल्यों से जोड़ने का दिया संदेश

**रांची।** रांची में लेखक अविनाश गौरव की कविता संग्रह पुस्तक बेसिकली : ए रिटर्न टू व्हाट मैटर्स मोस्ट भेंट की गई। यह पुस्तक



आधुनिक जीवन में घटती मानवीय संवेदनाओं, रिश्तों में बढ़ती दूरी और युवाओं की मानसिक स्थिति को दशार्ती है। लेखक के पिता शिवनंदन पाठक ने यह पुस्तक सुशांत गौरव और रंजना स्वरूप को सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर शिव किशोर शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं को जीवन के मूल मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगी। पुस्तक को पाठकों से सराहना मिल रही है और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत



**रांची।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के समीप रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे । इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में अनगड़ा के नवाडीह के रहने वाले रिश्ते में चचेरे भाई प्रभात महतो और अनिल महतो की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ने बाइक से घर लौट रहे दोनों भाइयों को अपनी चपेट में लिया, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ब्रेक फेल हो जाने की वजह से ट्रक भी सड़क से नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक का पहिया निकल कर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। डीएसपी सिल्ली अनुज कुमार ने बताया कि एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया है। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान हो चुकी है। मामले में आगे की काईवाई की जा रही है।

### पुंदाग में अन्नपूर्णा महाप्रसाद, भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु



**रांची।** पुंदाग, रांची स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 259वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद आयोजन भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर राधा रानी का भव्य श्रृंगार किया गया और पुजारी अरविंद कुमार पांडे ने विधिवत भोग लगाया। श्रद्धालुओं के बीच वेजिटेबल खिचड़ी और शरबत का वितरण किया गया, जिसमें करीब 2 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संध्या में सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ के अनुसार, मंदिर में प्रतिदिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और नियमित महाप्रसाद वितरण किया जाता है। इस अवसर पर-डूंगरमल अग्रवाल,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान,मनोज कुमार चौधरी, पूरणमल सर्राफ,सुरेश अग्रवाल,नंदकिशोर चौधरी, संजय सर्राफ,सुरेश भगत, पवन पोद्दार, ज्ञान चंद्र शर्मा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# रांची में सौहार्द की मिसाल : सभी पर्व त्योहार शांति और भाईचारे के साथ सम्पन्न

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** रांची ने एक बार फिर सामाजिक समरसता और गंगा-जमुनी तहजीब की अद्भुत मिसाल पेश की है। जिले में रामनवमी, चैती छठ, ईद, सरहुल और रमजान जैसे पर्व अभूतपूर्व शांति, सौहार्द और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुए। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मंजूनाथ भजन्त्री (उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी) ने समस्त रांचीवासियों का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह केवल पर्वों का आयोजन नहीं, बल्कि साझा संस्कृति, आपसी विश्वास और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उत्सव है, जिसने रांची को समरसता का आदर्श बना दिया है।

**सभी संगठनों की रही अहम भूमिका :** उपायुक्त ने केन्द्रीय शांति समिति, महावीर मण्डल, अंजुमन इस्लामिया, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी, गुरुनानक समिति सहित




सभी पूजा एवं आयोजन समितियों के अनुशासन, समर्पण और बेहतर समन्वय की सराहना की।

**प्रशासन और जनता का शानदार तालमेल :** इस सफल आयोजन में पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों, रांची नगर निगम, बिजली विभाग, जनप्रतिनिधियों और मीडिया की सक्रिय भूमिका भी सराहनीय रही। सभी की सतर्कता और समन्वय से पूरे जिले में विधि-व्यवस्था मजबूत बनी रही और नागरिकों ने सुरक्षित वातावरण में पर्वों का आनंद लिया।

# रांची के लॉड्र्स ऑफ ड्रिंक्स बार में पुलिस की छापेमारी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार देर रात पुलिस ने लॉड्र्स ऑफ ड्रिंक्स बार में छापेमारी की। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामग्री या अवैध गतिविधि के सबूत नहीं मिले, लेकिन अचानक हुई इस रेड से बार में मौजूद लोगों और प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। दरअसल, पुलिस को शिकायत मिली थी कि बार में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, साथ ही ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराने और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्तता की आशंका जताई गई थी। इन सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम



ने बार के स्टॉक की जांच की और लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों का भी सत्यापन किया। इसके अलावा, वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की गई और सुरक्षा के मद्देनजर सभी को घर जाने के निर्देश दिए गए। इस मामले पर कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि पुलिस को देर रात तक डीजे बजाने और अवैध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं की गहन जांच की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि छापेमारी के दौरान कोई भी संदिग्ध या अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# 08 अप्रैल तक मान्यता अनिवार्य, वरना बंद होंगे गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में संचालित गैर-मान्यता प्राप्त निजी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के लिए बड़ा निर्देश जारी किया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड के आदेश के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी विद्यालयों को अनिवार्य रूप से 08 अप्रैल 2026 तक मान्यता के लिए आवेदन करना होगा। यह निर्देश मंजूनाथ भजंत्री (उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची) के मार्गदर्शन में जारी किया गया है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्यों और संचालकों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

**ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य :** विद्यालय संचालक पोर्टल पर जाकर अपने विद्यालय का पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही पोर्टल से यूजर मैनुअल और मान्यता प्रमाण-पत्र का प्रारूप भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**इन मानकों का देना होगा विवरण :** आवेदन के दौरान विद्यालयों को सही और अद्यतन रूप में अपलोड करनी होगी, जिसमें आधारभूत संरचना, योग्य शिक्षक, छात्र नामांकन, सुरक्षा व्यवस्था, शौचालय एवं पेयजल सुविधा।

**नियमों का उल्लंघन पड़ेगा भारी :** निर्धारित समय तक आवेदन नहीं करने या मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले विद्यालयों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। झारखंड निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 (संशोधित 2019 एवं 2025) के तहत ऐसे विद्यालयों को बंद भी किया जा सकता है।

**प्रशासन की अपील :** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कदम विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की सुरक्षा और शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। सभी विद्यालयों से अपेक्षा की गई है कि वे इस निर्देश को गंभीरता से लें और समय पर प्रक्रिया पूरी कर अपने संचालन को विधिसम्मत बनाएं।

# एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के तत्वावधान में मोराबादी, रांची स्थित मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड राज्य एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में राज्यभर से आए 250 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य एरोबिक्स जिम्नास्टिक्स को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना रहा। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबले पेश किए, जिससे आयोजन उत्साह और ऊर्जा से भरपूर रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का निर्माण करता है। इस अवसर पर पुष्पा हेसा को एसोसिएट उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद जताई गई। समारोह में तुलिका श्रीवास्तव, निशिकांत पाठक, हनी सिन्हा और डॉ. दीपक कुमार साहु सहित कई गणमान्य





अतिथि मौजूद रहे। प्रतियोगिता के अंत में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। महासचिव तुलिका श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में और बड़े स्तर पर ऐसे आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई।

# बीएयू : आदर्श ग्राम में कन्द फसल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आदर्श ग्राम के रूप में विकास के लिए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा चयनित ग्राम सिलागाई (प्रखंड चान्हो) में कन्द फसलों से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजातीय उप-योजना के अंतर्गत 'कंद फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक' विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को उत्पादन की नवीनतम प्रौद्योगिकी, कटाई-उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम से कुल 40 जनजातीय किसान



लाभान्वित हुए। परियोजना प्रभारी डॉ एस सेनगुप्ता और अवकाशप्राप्त वरिष्ठ वैज्ञानिक (उद्यान) डॉ पीके झा प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जिमीकंद, अरबी, शकरकंद, डायोस्कोरिया, याम बीन, कसावा आदि कंद फसलों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान कंद फसलों की रोपण सामग्री भी वितरित की गई।

# लोहरदगा में ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, वेटिंग मशीन बरामद

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** जिले में मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में लोहरदगा थाना में 28 मार्च, 2026 को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।
पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि मैना बगीचा स्थित शनि मंदिर के पास एक युवक द्वारा ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने अंचलाधिकारी की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक




संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पीछा कर उसके घर में पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम आर्यन भगत (22 वर्ष, निवासी मैना बगीचा, लोहरदगा) बताया।
इसके बाद अंचलाधिकारी की उपस्थिति में युवक के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कमरे में पलंग पर बिछी चादर के नीचे से एक पीले रंग का पॉलिथीन और एक इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन बरामद किया गया। पॉलिथीन में एक ठोस टुकड़ा और एल्युमिनियम फॉयल में लिपटे कई पुड़िया मिले। जांच में उक्त पदार्थ ब्राउन शुगर पाया गया। बरामद मादक पदार्थ का वजन करने पर कुल लगभग 4 ग्राम ब्राउन शुगर पाया गया। पुलिस ने मौके से सभी बरामद सामग्री को जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी दल में रत्नेश मोहन ठाकुर, थाना प्रभारी रवि रंजन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक पप्पू कुमार, सहायक अवर निरीक्षक चन्द्रदीप मेहता, सहायक अवर निरीक्षक लोहरदगा थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# खरकाई ब्रिज पर नियमों से बचने के जुगाड़ बन रहे हादसों की वजह, पुलिस के लिए भी चुनौती

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** खरकाई ब्रिज पर यातायात नियमों से बचने के लिए लोगों द्वारा अपनाए जा रहे जुगाड़ अब गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। जमशेदपुर और आदित्यपुर को जोड़ने वाले इस व्यस्त पुल पर पुलिस की सख्ती के बावजूद वाहन चालक जोखिम भरे तरीके अपनाकर जांच से बचने की कोशिश कर रहे हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।
जानकारी के अनुसार, कई लोग चेकिंग से बचने के लिए पुल के आसपास मौजूद झाड़ियों और कच्चे (जंगल) रास्तों का सहारा



ले रहे हैं। ये रास्ते न केवल सुनसान हैं, बल्कि फिसलन, टायर फटने और असंतुलन जैसी घटनाओं के लिहाज से बेहद खतरनाक भी साबित हो सकते हैं। वहीं, दुपहिया वाहनों पर ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट के सफर करना आम बात होती जा रही है। कुछ लोग चालान से बचने के लिए पुल के पहले सवारी को उतार देते हैं और पुल पार करने के बाद फिर बैठा लेते हैं। इस दौरान अचानक रुकने या सवारी उतारने से पीछे आ रहे वाहनों के लिए दुर्घटना की स्थिति बन जाती है और यातायात भी बाधित होता है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस को केवल पुल के एक छोर पर तैनाती के बजाय उन वैकल्पिक रास्तों पर भी निगरानी बढ़ानी चाहिए, जिनका उपयोग लोग बचने के लिए कर रहे हैं। साथ ही, पुल पर हाई-डेफिनिशन कैमरे लगाए जाने की मांग भी उठ रही है, ताकि नंबर प्लेट के आधार पर सीधे चालान भेजा जा सके और मौके पर होने वाली अफरा-तफरी कम हो।

## संक्षिप्त

### ट्रेन की चपेट में आने से ट्रांसपोर्टर की मौत ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया

**बड़कागांव।** पूर्व डीलर, साहिबगंज ट्रांसपोर्टर (एफसीआई) विधायक मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय मनोज कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना साहिबगंज जिला अंतर्गत जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई है । घटना से बड़कागांव क्षेत्र के लोग स्तब्ध हो गए। लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है। मनोज बड़कागांव वासियों के लिए हमेशा सुख-दुख व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहते थे। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ विधायक लोकनाथ महतो, पप्पू कुमार, वीरेंद्र प्रसाद अशोक कुमार अरुण कुमार ,दिनेश सिंहा,डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता , शशि मेहता उपेंद्र प्रसाद, सत्येंद्र कुमार ,अमित कुमार ,शेखर कुमार ,नवनीत कुमार ,आजाद कुमार एवं समस्त कुशवाहा परिवार।

### बचरा अस्पताल में आज रक्तदान शिविर तैयारी पूरी

**खलारी।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा आज बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शुरू होगा। शिविर की जानकारी देते हुए पिपरवार क्षेत्र के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल और बचरा क्षेत्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीरोज खेस ने बताया कि पिपरवार एरिया प्रबंधन प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का रक्तदान शिविर आयोजित करता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इसमें सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। सीसीएल प्रबंधन की ओर से क्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी, सीआईएसएफ, पंचायत प्रतिनिधि, श्रमिक प्रतिनिधि, समाजसेवी और संवेदक सहित आम जनता से इसमें शामिल होकर रक्तदान करने की अपील की गई है। विशेष रूप से इस कार्यक्रम में बाहर से ब्लड बैंक की टीम भी पहुंच रही है, जो सुरक्षित तरीके से रक्तदान सुनिश्चित करेगी।

# शादी तुड़वाने की साजिश में युवक ने मारी गोली, प्रेमिका समेत गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**श्री बंशीधरनगर (गढ़वा)।** जिले के नगर उंटारी थाना क्षेत्र के नरखोरिया कलां में शनिवार को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां शादी तुड़वाने की साजिश में एक युवक ने 51 वर्षीय उमेश मेहता को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को कुछ ही घंटों में धर दबोचा। साजिश में शामिल युवती को भी गिरफ्तार कर लिया है। घटना 28 मार्च की है। अज्ञात अपराधी ने उमेश मेहता को गोली मार दी, जो उनके बाएं कंधे में लगी। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए भेजा गया। मामले में नगर उंटारी थाना कांड संख्या 65/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।
पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान स्थानीय युवक मिठू जायसवाल की



सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच किनारे बोंगासी गांव के पास संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान बोकारो निवासी संदीप कुमार सिंह (26) के रूप में बताई। अपराध स्वीकार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली और एक खोखा बरामद किया गया।
**प्रेम-प्रसंग बनी वारदात की वजह :** पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी संदीप कुमार सिंह का भवनाथपुर थाना क्षेत्र की एक युवती से वर्ष 2021 से प्रेम संबंध था। इस बीच युवती की शादी उमेश मेहता के बेटे से तय हो गई। शादी से बचने के लिए दोनों ने मिलकर साजिश रची कि यदि लड़के या उसके परिवार पर हमला किया जाए तो शादी टूट जाएगी। योजना के तहत संदीप 27 मार्च की रात बोकारो से गढ़वा पहुंचा। युवती से संपर्क किया। अगले दिन वह नगर उंटारी पहुंचा। लक्षित युवक का इंतजार करने लगा। युवक के नहीं मिलने पर उसने दुकान पर बैठे उमेश मेहता को ही सिगरेट मांगने के बहाने गोली मार दी।
**दोनों आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद :** पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी संदीप कुमार सिंह के साथ युवती रजनी मेहता (24) को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल और आरोपियों के पास से हथियार, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल सहित कई सामान बरामद किए हैं।
**पुलिस टीम को मिली सफलता :** इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में नगर उंटारी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार समेत पीसीआर वैन के जवानों ने अहम भूमिका निभाई।

## रामगढ़ में होमगार्ड नियुक्ति में देरी दुर्भाग्यपूर्ण शीघ्र विज्ञापन जारी करे प्रशासन : राजीव




**रामगढ़।** रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने एक प्रेस बयान जारी कर रामगढ़ जिले में होमगार्ड नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकांश जिलों में होमगार्ड की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, किंतु रामगढ़ जिले में अब तक इसकी शुरूआत नहीं हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ एक युवा प्रधान जिला है, जहां बड़ी संख्या में युवक-युवतियां होमगार्ड के माध्यम से देश एवं समाज की सेवा करने के साथ-साथ सम्मानजनक रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं। होमगार्ड की सेवा न केवल युवाओं को आजीविका का साधन प्रदान करती है, बल्कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपदा प्रबंधन में सहयोग देने तथा विभिन्न सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही देरी से युवाओं में निराशा और असंतोष लगातार बढ़ रहा है।इन युवाओं ने अपनी तैयारी पूरी कर रखी है, लेकिन प्रक्रिया शुरू नहीं होने के कारण उनका मनोबल लगातार गिर रहा है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।?श्री जायसवाल ने कहा कि युवाओं के हितों की अनदेखी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि आवश्यक हुआ, तो वे युवाओं के साथ मिलकर चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि वर्ष 2018 में भी रामगढ़ जिले में होमगार्ड बहाली को लेकर उन्होंने अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया था और होमगार्ड मुख्यालय में प्रदर्शन कर इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि अविलंब होमगार्ड नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन जारी कर पारदर्शी एवं त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से बहाली सुनिश्चित की जाए। इससे जहां एक ओर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर जिले की कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन व्यवस्था तथा सामाजिक सुरक्षा तंत्र को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

## रामनवमी व मंगला जुलूस में शामिल रामभक्तों को आभार : राजेश ठाकुर

**रामगढ़।** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि रामगढ़ का रामनवमी



एतिहासिक अद्भुत आकर्षक राम का गढ़ रामगढ़ राममय हुआ। श्री ठाकुर ने बताया कि रामगढ़ में सभी अखाड़ा एवम् अस्थाई एवं चालान झांकियां रामनवमी जुलूस मंगला जुलूस शोभायात्रा में सभी रामभक्तो को शामिल हुए इसके लिए सभी रामगढ़वासियों को बहुत बहुत आभार व्यक्त करता है । साथ ही जिला उपायुक्त जिला पुलिस अधीक्षक एवम सभी पदाधिकारियों को आभार व्यक्त करता हूं रामनवमी पूजा में अपने अपने दायित्व का निर्वाहन किया और शांति पूर्वक रामनवमी सफलता पूर्वक बीत गया रामगढ़ के उन सभी समाजसेवियों को आभार जिन्होंने रामभक्तों को सेवा प्रदान किया और सहयोग किया राजेश ठाकुर ने मीडिया बंधुओं को भी धन्यवाद और आभार किया। 2026 का रामनवमी एतिहासिक कार्यक्रम सफल हुआ।

## पिपरवार में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर होगी बैठक

**खलारी।** पिपरवार विकास समिति कार्यालय, बचरा बसंत विहार कॉलोनी में कोल इंडिया एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन (सिस्टा) पिपरवार क्षेत्रीय कमिटी की एक आवश्यक बैठक बुधवार, 1 अप्रैल को संध्या 4 :30 बजे आयोजित होगी। बैठक में 14 अप्रैल को क्षेत्र में संविधान निमार्ता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन भी किया जाएगा। सिस्टा के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव कामेश्वर राम ने सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## एसपी ने साइक्लिस्ट आशा मालवीय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दी बधाई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ।** राष्ट्रीय स्तर की एंड्योरेंस साइक्लिस्ट, पर्वतारोही एवं प्रेरक खिलाड़ी सुश्री आशा मालवीय मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के एक छोटे से ग्राम की निवासी हैं। वे 100 एवं 200 मीटर दौड़ की राष्ट्रीय स्तर की एथलीट रह चुकी हैं और पर्वतारोहण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए बी सी रॉय (20,500 फीट) एवं तेनजिंग खान (19,500 फीट) शिखरों पर सफल आरोहण कर चुकी हैं।



साथ ही वे नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।साइक्लिंग के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ 26,000 किलोमीटर की सम्पूर्ण भारत साइक्लिंग यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की है।

## बड़कागांव में रामनवमी का जुलूस व झांकी संपन्न

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बड़कागांव।** बड़कागांव मां बासंती दुर्गा पूजा समिति समेत 15 अखाड़े द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गई। जो सोमवार की सुबह तक चली। पुरस्कार जीतने के लिए सभी अखाड़े के कलाकार बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। अखाड़े द्वारा अस्त्र शस्त्र, भाला ,तलवार आदि का परिचालन कर करतब दिखलाया गया। झांकी में अधिकतर जीवंत झांकी निकाली गई। जिसमें समाज को एक से बढ़कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। वहीं बड़कागांव दैनिक बाजार में रामनवमी महासमिति के तत्वाधान में पुरस्कार वितरण मंच



बनाया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया इस दौरान महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी एवं अन्य पदाधिकारी ने विधायक को पगड़ी ,अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया । मंच का संचालन पंसस रितेश ठाकुर ने किया। मौके पर विधायक ने कहा की हम सभी को भगवान रामचंद्र जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, तभी हमारा मान सम्मान प्रतिष्ठा समाज में बनी रहेगी। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है। मंच प्रांगण में सभी झांकी एक-एक कर आए और जुलूस में सभी स्पर्धा का प्रदर्शन किए।

# बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों की बैठक, एचपीसी के तहत वेतन भुगतान की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप चौधरी और संचालन मुंशी नाथ महतो ने किया। बैठक में मजदूरों ने अपनी कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और हाई पावर कमेटी (एचपीसी) के तहत वेतन भुगतान एवं सुख-सुविधाओं की मांग उठाई। वक्ताओं ने बताया कि बचरा साइडिंग में ऑपरेटर, लेबल, हेल्पर और मुंशी चार श्रेणियों के मजदूर काम करते हैं।



पूर्व में टीसीपीएल कंपनी द्वारा एचपीसी के नियमों के अनुसार मजदूरों को वेतन भुगतान किया जाता था। लेकिन 2023 में टीसीपीएल का टेंडर खत्म होने के बाद हेम्स कंपनी ने कम दर पर काम संभालते हुए मजदूरों की सुविधाओं में कटौती की और एचपीसी के नियमों का उल्लंघन किया। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि अगर नई कंपनी भी कम दर पर काम लेकर एचपीसी के तहत वेतन भुगतान नहीं करती है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सभी मजदूरों को एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जय शंकर चौधरी, शंकर महतो, चमन महतो, निर्मल महतो, जितेंद्र महतो, सुरेश गोप, मुंशीनाथ महतो, गोवर्धन महतो, चंद्रदेव ठाकुर, निर्मल महतो, निर्जल महतो, लूटबरन महतो, भोला महतो, राजेश ठाकुर और रवींद्र महतो सहित बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

# पावरगंज में भरत मिलाप व अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** पावरगंज स्थित देवी मंदिर परिसर में आस्था, परंपरा और शौर्य का भव्य संगम देखने को मिला। महावीर मंडल के तत्वावधान में नवयुवक संघ देवी मंदिर पावरगंज द्वारा अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के लगभग 28 अखाड़ों ने भाग लेकर पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति और अस्त्र-शस्त्र चालन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शनिवार देर रात शुरू हुआ आयोजन रविवार सुबह करीब 5:30 बजे तक चला। प्रतिभागियों ने लाठी, डंडा एवं अन्य पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया।
इस आयोजन में युवाओं के साथ-साथ बालिकाओं और छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बालिकाओं द्वारा



प्रस्तुत अर्धनारीश्वर स्वरूप कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने नारी शक्ति के साहस और आत्मविश्वास की सशक्त झलक प्रस्तुत की। इसी क्रम में बड़े तालाब के समीप भगवान राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान के साथ भरत मिलाप का भावपूर्ण आयोजन किया गया। जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आतिशबाजी ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि नारी शक्ति का अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेना एक साहसिक एवं सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल कुमार ने कहा कि सनातन परंपरा में नारी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, जो आज के आयोजन में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय पंकज ने कहा कि सनातन समाज में नारी शक्ति का सम्मान सदैव से होता आया है। वार्ड पार्षद कुमार अभिषेक ने इसे सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का महत्वपूर्ण प्रयास बताया। नवयुवक संघ अध्यक्ष पंकज वर्मा ने कहा कि देवी मंदिर में देवियों की प्रथम पूजा की परंपरा का निर्वहन किया जाता है। इस अवसर पर अतिथियों ने देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में मोटिया संघ बरवा टोली प्रथम, रघुनंदन लेन द्वितीय एवं हटिया गार्डन तृतीय रहे।

# बहेरा में आज सजेगा भव्य ऑल इंडिया नातिया मुशायरा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा की सरजमीं एक बार फिर अदब और मोहब्बत की खुशबू से महकने जा रही है। बहेरा अंजुमन और भीएमएन क्लब व नौजवान कमेटी के सयुंक्त तत्वाधान में आज शाम बहेरा कर्बला मैदान में भव्य ऑल इंडिया नातिया मुशायरे का आयोजन किया जाएगा।
आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम नातिया अदब को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस मुशायरे में देश के कई नामचीन और मकबूल शायर



शिरकत करेंगे, जिनमें मोज्जम हुसैन, असद आजमी, तबरेज हाशमी, अशफाक मदरसी, फहीम पीलीभीती, जुबेर भोपाली और फैसल मेरठी जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। आयोजन समिति ने कहा कि शायरों की आवाज और उनके कलाम से सजी यह महफिल श्रोताओं को अदब, इश्क-ए-रसूल और रूहानी एहसास से सराबोर कर देगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष वसीम रजा और सचिव नौशाद आलम समेत सभी सदस्यों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य नातिया मुशायरे को सफल बनाएं और अदबी विरासत को मजबूत करें। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। भव्य स्टेज व पंडाल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। समिति के सभी सदस्य इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खलारी।** खरवार-भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति के तत्वावधान में खलारी के खरवार-भोगता समाज के लोग भी शामिल हुए। जहां खरवार-भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित नीलाम्बर पीताम्बर पार्क में अमर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन एवं चट्टिया द्वारा पारंपरिक पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन पर आधारित शिलालेख का उद्घाटन किया। इसके बाद पार्क स्थित आर्चरी मैदान में मुख्य समारोह आयोजित



हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मेयर रोशनी खलखो, आजसू प्रवक्ता देवशरण भगत, भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, बिहार अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य राजू खरवार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी अतिथियों ने शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने की, जबकि संचालन रामलखन गंझू एवं उमेश सिंह भोगता ने किया। अतिथियों का स्वागत सरना गमछा देकर किया गया। अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नीलाम्बर-पीताम्बर के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर विभिन्न जिलों से आए हजारों खरवार-भोगता समाज के लोगों ने भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# भाजपा ने किया हजारीबाग बंद का आह्वान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय बच्ची के साथ हुई दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद रहेगा । इस गंभीर विषय पर हजारीबाग



लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारीबाग जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया है।

सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी इस बंदी के समर्थन में जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महज बंदी का आह्वान नहीं, बल्कि उस अबोध बालिका को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग की सामूहिक आवाज है।

## संक्षिप्त

### जिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प, रणनीति तय

**कसमार (बोकारो)।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, बोकारो जिला के तत्वावधान में आगामी 15 अप्रैल को प्रस्तावित जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रविवार को जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बहादुरपुर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णा चौधरी ने की, जबकि संचालन मिथलेश कुमार ने किया। बैठक में सम्मेलन को भव्य, सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बोकारो में होने वाला यह सम्मेलन संगठन की दिशा और दशा तय करने वाला साबित होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पत्रकारों की ताकत उनकी एकजुटता में है। जब संगठन मजबूत होगा, तभी पत्रकार सुरक्षित और सशक्त होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती देने के लिए पत्रकारों का संगठित होना बेहद जरूरी बताया गया। इस दौरान हाल ही में दिवंगत पत्रकार नागेश्वर एवं राजेश्वर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

### लोहरदगा कांग्रेस को बड़ा झटका, आफताब आलम एआईएमआईएम में शामिल

**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को लोहरदगा में करारा झटका लगा है। पार्टी के पूर्व अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आफताब आलम ने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़ दी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का दामन थाम लिया। चुनावी समर में यह विकास विपक्ष के लिए राहत का संदेश लेकर आया है।

### धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे कुडू

**कुडू ।** लोहरदगा अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह रांची नगर निगम के वार्ड पार्षद अवधेश बैठा रविवार को कुडू पहुंचे. रामनगर धोबी टोला में आयोजित समाजिक बैंठक में शामिल हुए. प्रदेश अध्यक्ष का कुडू पहुंचने पर कुडू ईकाई के द्वारा स्वागत किया गया. समाजिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा ने कहा कि धोबी समाज को गांव, पंचायत, प्रखंड, जिला व प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबुती प्रदान करने के लिए जागरुकता व जनसंपर्क अभियान चलाने की जरूरत है।

# उपायुक्त ने प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र का किया उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के बाजार परिसर में प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र एवं चारा निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया। केंद्र का जिले के उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती सुलोचना मीणा, प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल, डीपीएम जेएसएलपीएस श्रीमती अनीता केरकेट्टा तथा रामगढ़ मुखिया उमा शंकर प्रसाद की ओर से संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वयं सहायता समूह की दीदियों की ओर से गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रामगढ़ जैसे आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र में आज दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिससे यहां की दीदियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर




प्राप्त होंगे। वन धन विकास केंद्र के माध्यम से दोना-पत्तल का निर्माण, प्रसंस्करण एवं विपणन किया जाएगा। वहीं प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल की विशेष पहल पर चारा निर्माण इकाई समूह से जुड़ी आदिम जनजाति महिलाओं के साथ संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर पशु चारा उपलब्ध होगा तथा महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इन इकाइयों के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों को उद्यमी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग आय सृजन गतिविधियों में करने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी ने दीदियों को इन दोनों योजनाओं के लिए बधाई दी और इसे आगे बढ़ाने पर बल दिया।

प्रशिक्षु आईएएस ने कहा कि चारा निर्माण इकाई के संचालन एवं नियमित उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा उत्पादित चारा की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर भी कार्य किया जाएगा, ताकि उत्पाद को व्यापक बाजार मिल सके और महिलाओं की आय में वृद्धि हो। रामगढ़ मुखिया ने जेएसएलपीएस की योजनाओं की सराहना की और बताया कि इनके माध्यम से दीदियां सशक्त हो रही हैं। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं विभाग का आभार व्यक्त किया। डीपीएम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू, शेखर लाल, सौरभ कुमार, बीपीएम सुमित कुमार, आदित्य रंजन, सैनूल अंसारी, उमेश कुमार, कृष्णा कुमार, स्वयं सहायता समूह की दीदियां, कैडर एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## फिटनेस की ओर मजबूत कदम, बीएसएल साइक्लोथॉन 2026 का भव्य आयोजन

**बोकारो।** फिटनेस, स्वच्छ पर्यावरण और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 29 मार्च को सेल- बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट के तहत किया गया, जिसमें बोकारो सहित विभिन्न शहरों से आए 600 से अधिक साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, चित्त रंजन मिश्रा, अनीष सेनगुप्ता, अनुप कुमार दत्त, डॉ. बिभूति भूषण करुणामय तथा विकास मनवटी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पुरुष एवं महिला श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## सनातन धर्म सर्वहितकारी, शाश्वत और मानवता का मार्गदर्शक : उपेन्द्र शास्त्री

**बोकारो ।** रामनवमी के पावन अवसर पर चास के पुनर्वास क्षेत्र बांधगोड़ा स्थित माँ कल्याणेश्वरी विवाह मंडप में तरुणोदय क्लब द्वारा आयोजित 14वें प्रवचन सह भक्ति जागरण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भक्ति व आध्यात्मिक प्रवचनों का रसास्वादन करते रहे। प्रवचनकर्ता उपेन्द्र शास्त्री एवं साध्वी मनु शर्मा ने अपने प्रभावी संबोधन में सनातन धर्म की मूल भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि सनातन धर्म वही है जो स्वयं में शुद्ध, शाश्वत और सबके लिए समान रूप से हितकारी हो। यह धर्म किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म जीवन जीने की ऐसी पद्धति है, जो सदा से विद्यमान है और अनंत काल तक बनी रहेगी। क्लब के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हनुमंत महोत्सव के तहत यह पांच दिवसीय प्रवचन एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम पिछले 13 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। पांच दिवसीय श्री श्री 108 कुमार हनुमंत महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भंडारा और संध्या प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। यह आयोजन आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी सशक्त संदेश दे रहा है।

## तालाब में डूबने से युवक की दर्दनाक मौत परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बोकारो।** जिले के चास प्रखंड अंतर्गत बाधाडीह गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय लाल चन्द्र महतो की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह जेएलकेएम प्रखंड उपाध्यक्ष राम चरण महतो के भाई बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाल चन्द्र महतो प्रतिदिन की तरह दोपहर करीब 12 बजे दलु गोड़िया (तालाब) में नहाने गए थे। इसी दौरान अचानक गहराई में चले जाने से वे डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए हील केन्डी अस्पताल, तालगड़िया मोड़ (चास) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही चास मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का पारिवारिक जीवन पहले से ही कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। उनकी पहली पत्नी का तीन वर्ष पूर्व ही निधन हो चुका था। पहली पत्नी से उन्हें एक पुत्र क्रिस कुमार महतो (5 वर्ष) तथा दो पुत्रियां अंजली कुमारी और वर्षा कुमारी हैं। बाद में उन्होंने रेणुका देवी से दूसरी शादी की, जिनसे एक दो माह की दुधमुंही बेटी पिहू कुमारी है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से हर आंख नम है।

## कुडू में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग को लेकर योजना बैठक संपन्न

**कुडू/लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी कुडू मंडल द्वारा आगामी प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन को लेकर आज एक महत्वपूर्ण योजना बैठक आयोजित की गई। यह बैठक कुडू बरहानिया स्थित शिशु विद्या मंदिर में मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का प्रारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित व वंदे मातरम गायन के साथ किया गया बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी के रूप में प्रकाश नायक जी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकताओं को प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता बताते हुए संगठन को मजबूत करने में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला बैठक के दौरान प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी, कार्यकताओं की सहभागिता, व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कृष्णा मोदी ने विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण वर्ग सभी कार्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह प्रशिक्षण एक दिवसीय है जिसमें कार्यकताओं का रात्रि विश्राम भी निर्धारित स्थल पर किया जाना है।

# ठेका मजदूरों की सुध ले केन्द्र सरकार : चंद्रप्रकाश चौधरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**नावाडीह (बोकारो) ।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा में अपने संसदीय क्षेत्र सहित देशभर में स्थित केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों में कार्यरत ठेका श्रमिकों की समस्याओं को उठाया. कहा कि इन ठेका श्रमिकों को कई स्थानों पर केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी मिलना तो दूर मिनिमम वेजेस के अनुरूप भी मजदूरी नहीं मिल रही है ! वीडीए, पीएफ, ईएसआइ आदि के भुगतान में भी अनियमितताएं है। उन्होंने नियम 377 के तहत सदन में सेल, कोल इंडिया, एनटीपीसी,



डीवीसी, भारतीय रेल व अन्य केंद्रीय संस्थानों की चर्चा करते हुए कहा कि यहां कार्यरत ठेका श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा तय की गयी मजदूरी नहीं मिल रही है। साथ ही वीडीए, पीएफ, ईएसआई व अन्य सुविधाओं के भुगतान में भी अनियमितता की जा रही है। सेल रेफ्रैक्टरी यूनिट एसआरयू, इफको में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने तो बकायदा निर्धारित केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी के अनुरूप भुगतान नहीं होने का रोना रो रहे हैं। उन्होंने केंद्र से ठेका मजदूरों की सुध लेने की मांग की है। सांसद ने कहा कि केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों व रेलवे से श्रम कानूनों के आदर्श अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि सेल, कोल इंडिया, एनटीपीसी, डीवीसी, भारतीय रेल सहित सभी केंद्रीय प्रतिष्ठानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों को केंद्रीय न्यूनतम मजदूरी एवं वीडीए का भुगतान सुनिश्चित किया जाये।

## 200वें सप्ताह का ऐतिहासिक जश्न, शनि भक्ति में डूबा बोकारो

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** चास- पुरुलिया रोड स्थित श्री श्री शनि ठाकुर बाढ़ी में शनि सेवकों द्वारा भोग वितरण के गौरवपूर्ण 200वें सप्ताह का आयोजन भव्य और आध्यात्मिक माहौल में किया गया। पूरा परिसर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखा। इस खास मौके पर विशेष पूजा और संध्या समय भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा और बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने विधिवत पूजा-



अर्चना कर भंडारा का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि चास डीएसपी प्रवीण सिंह एवं डॉ परिंदा सिंह ने शनि सेवकों को सम्मानित करते हुए उनके निरंतर सेवा कार्यों की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शनि सेवकों की सक्रिय भूमिका रही, जिनकी समर्पित सेवा और सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

# वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग : डॉ. नीरा

**हाथी के हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को 10 लाख मुआवजा दे सरकार**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**झुमरीतिलैया।** कोडरमा जिले में हाथियों के आतंक से लोग दहशत में हैं और वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर चुकाना पड़ रहा है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में हाथियों द्वारा लगातार लोगों पर हमला करने, उनको मार देने की घटना के लिए पूरे तौर पर वन विभाग और इसके अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि रविवार को मरकच्चो के जामू स्थित हरलाडीह गांव में महुआ चुनने गई एक महिला सीता देवी को हाथी ने मार दिया। कोडरमा में बीते एक साल में एक दर्जन लोगों की जान हाथियों ने ली है। अभी कुछ दिन पहले ही हाथी ने कोडरमा के मरियमपुर और बोनाकाली में दो लोगों की जान ली थी, वहीं जिले के झरीटांड और




ढेबुआडीह जैसे ग्रामीण इलाकों में हाथियों ने पिछले तीन-चार दिनों में कई मवेशियों को मार डाला और गौशालाओं को तहस-नहस कर दिया। इन घटनाओं के बाद अब ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा जिले के वन्य प्राणी आश्रयणी समेत कई जंगली इलाकों में बाहर के लोग बस गए हैं। वन विभाग इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। यही वजह है कि हाथी जंगल को छोड़कर गांव और शहरों की ओर जा रहे हैं। हाथी परंपरागत रूप से इन इलाकों में आते-जाते रहे हैं पर जब लोग बस गए या रहने लगे हैं तो उनके द्वारा मशाल जलाने या नगाड़ा बजाने से हाथी वहां से भाग कर दूसरे गावों की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर मामले को उन्होंने विधानसभा में भी उठाया था पर इस अति संवेदनशील विषय पर भी वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है और लोग हाथी के हमले में मारे जा रहे हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने राज्य सरकार से हाथी के हमले से मारे गए लोगों को कम से कम 10 लाख रुपए मुआवजा देने और अन्य घटनाओं में भी हुए नुकसान को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# राम भक्तों की सेवा के लिए सांसद सेवा केंद्र का उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग ।** रामनवमी- 2026 का उत्साह चरम सीमा पर है। तब राम भक्तों को किसी तरह के परेशानी ना हो इसे देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को अपने सांसद सेवा कार्यालय में सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। जिसका उद्घाटन भी हिंदूवादी युवा भैरव सिंह के साथ मिलकर उन्होंने किया। मौके पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मेयर अरविंद कुमार राणा, डिप्टी मेयर अविनाश कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, हजारीबाग के हिंदूवादी युवा इंजिनियर अमन कुमार मौजूद रहें। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राम भक्तों को हर संभव मदद



पहुंचाना है । हजारीबाग के रामनवमी हर एक व्यक्ति की सहभागिता होती है। हर एक व्यक्ति जो सक्षम है वह कुछ ना कुछ कुछ ऐसा करना चाहता है ताकि वह भी इस पर्व में उसकी सहभागिता सुनिश्चित हो। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों की सुविधा के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि जब तक जुलूस रहेगा तब तक यह केंद्र सक्रिय रहेगा। जिसमें राम भक्तों को पेयजल, चना समेत अन्य सुविधा दी जाएगी। वहीं ग्रामीण लोगों को विशेष सुविधा का इंतजाम किया जा रहा है। कोई व्यक्ति अगर बीमार होता है तो उसे भाजपा के कार्यकर्ता और हमारे सहयोगी अस्पताल ले जाएंगे। यहां से रामभक्तों पर पुष्प वर्षा भी खुद सांसद मनीष जायसवाल ने किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग का रामनवमी बेहद खास है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों की सेवा में यह कार्यालय सक्रिय है। सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों से अपील किया है कि अगर वह ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और उनके साथ छोटे-छोटे बच्चे हैं तो उनके पॉकेट में अपना फोन नंबर और पता अवश्य लिख दें ताकि विकट परिस्थिति में मदद किया जा सके। उन्होंने राम भक्तों समेत पूरे हजारीबाग से अपील किया है उत्साह और उमंग के साथ रामनवमी पर्व मनाये। 36 घंटे तक पर्व का जुलूस सड़कों पर रहता है। राम भक्तों का जनसैलाब इस दौरान रहता है।

# रामनवमी में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब, उपायुक्त ने जताया आभार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने रामनवमी-2026 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी जिलावासियों का आभार जताया है। उपायुक्त ने कहा कि एक बार फिर लोहरदगा जिला वासियों ने आपसी एकजुटता और सौहार्द का संदेश दिया है और रामनवमी के त्यौहार को सम्पन्न कराया है। जुलूस के दौरान सभी धर्म-सम्प्रदाय के लोगों ने गंगा-जमुनी की तहजीब को कायम रखा है। यह सब सभी के प्रयास से ही सम्भव हो पाया। रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार के अवसर पर




जिला के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी व सुरक्षा बलों का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने आपसी तालमेल के जरिये जुलूस व अन्य कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया। समाज के बुद्धिजीवी व समाजसेवियों ने अभिभावक की तरह हर कदम पर साथ दिया और जिला प्रशासन को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। मीडियाकर्मियों का विशेष रूप से विशेष धन्यवाद जिन्होंने जिला प्रशासन के कार्यों का लगातार कवरेज दिया और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ की भूमिका को भली-भांति निभाया। अंत में उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य मे अपना सहयोग दिया।

## संपादकीय

### होर्मुज की राहत

**वैश्विक** ऊर्जा आपूर्ति के केंद्र माने जाने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर हालिया घटनाक्रम ने दुनिया को एक बार फिर यह अहसास करा दिया है कि भू-राजनीतिक तनाव किस तरह आम जनजीवन को प्रभावित करता है। ईरान द्वारा कुछ देशों को इस रणनीतिक मार्ग से जहाजों की आवाजाही की अनुमति देना एक महत्वपूर्ण नरमी का संकेत है, जिसने अस्थायी रूप से ही सही, लेकिन वैश्विक चिंता को कुछ हद तक कम किया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते टकराव, खासकर अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाइयों के बाद, ईरान का रुख लगातार आक्रामक बना रहा। ऐसे में होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक सोची-समझी रणनीति थी, जिसका सीधा असर वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति पर पड़ा। यह वही मार्ग है, जिससे दुनिया की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा गुजरता है, और इसकी रुकावट ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमतों को अस्थिर कर दिया। इस परिप्रेक्ष्य में भारत की स्थिति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारत ने न तो किसी सैन्य पक्ष का समर्थन किया और न ही टकराव की राजनीति में खुद को उलझाया, बल्कि उसने लगातार संवाद और शांति की वकालत की। यही संतुलित कूटनीति आज उसके लिए लाभकारी साबित होती दिख रही है, जब ईरान ने उसे अपने मित्र देशों की सूची में शामिल करते हुए जहाजों के आवागमन की अनुमति दी है। फिर भी, यह राहत सीमित और सशर्त है। ईरान ने जिन देशों को शत्रु मान रखा है, उनके लिए यह मार्ग अब भी लगभग बंद है। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्रीय तनाव अभी भी गहराई में मौजूद है और किसी भी समय फिर से उभर सकता है। ऐसे में केवल अस्थायी छूट को स्थायी समाधान मान लेना एक भूल होगी। भारत के लिए यह समय आत्ममंथन का भी है। ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यधिक बाहरी निर्भरता भविष्य में ऐसे संकटों को और गंभीर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक रणनीति के तहत वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, भंडारण क्षमता और विविध आपूर्ति मार्गों पर गंभीरता से काम करना जरूरी है। अंततः, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे अहम संदेश यही है कि कूटनीति और संतुलन ही आज के जटिल वैश्विक परिदृश्य में सबसे प्रभावी हथियार हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को चाहिए कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर स्थायी शांति की दिशा में ठोस पहल करें। होर्मुज में आई यह नरमी एक सकारात्मक शुरूआत जरूर है, लेकिन असली परीक्षा अभी बाकी है– जब तक संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं होता, तब तक राहत अधूरी ही रहेगी।

# युद्ध आते ही खामोश हो जाता है पर्यावरण बचाने का विमर्श

**प्रीति अज्ञात**

युद्ध के धुएं में गुम पर्यावरण के प्रश्न प्रीति अज्ञात आज के दौर में पर्यावरण की चर्चा इतनी व्यापक हो गई है कि इससे जुड़े शब्दों का एक अंतहीन जंगल बन गया है, जिसमें हर रास्ता पृथ्वी की चिंता तक ले जाता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन, जैव विविधता और सतत विकास जैसे शब्द बार-बार गूंजते हैं। सम्मेलनों में पृथ्वी को बचाने के संकल्प लिए जाते हैं, भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित ग्रह की कल्पना की जाती है और यह घोषणा की जाती है कि पर्यावरण संकट मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ा खतरा है। मगर जैसे ही कहीं युद्ध का नगाड़ा बजता है, यह पूरा विमर्श मानो अचानक मौन हो जाता है। धरती और इसके वातावरण की रक्षा की वह नैतिकता, जो शांति के दिनों में इतनी मुखर दिखाई देती है, युद्ध की आहट पाते ही धुएं में विलीन हो जाती है। तब पर्यावरण की चिंता पीछे छूट जाती है और सामने आ खड़ी होती है शक्ति, प्रभुत्व और भू-राजनीति की कठोर भाषा। यह आधुनिक सभ्यता की सबसे गहरी विडंबनाओं में से एक है। पूरी दुनिया में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुकी है। ऐसे में एक ओर वैश्विक स्तर पर पर्यावरण को बचाने का आह्वान किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ विभिन्न देश धरती के वातावरण को बारूद से भर देने वाले युद्धों में उलझे हुए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका बड़ा उदाहरण है। लंबे समय से चल रहा यह संघर्ष केवल सैनिकों और शहरों के लिए त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी एक गहरी चोट है। जब मिसाइलें तेल भंडारों, ऊर्जा संयंत्रों और रासायनिक कारखानों पर गिरती हैं, तो केवल इमारतें नहीं टूटतीं, हवा में विषैला धुआं फैलता है, नदियों में जहरीले पदार्थ घुलते हैं और मिट्टी की संरचना तक बदल जाती है। विडंबना यह है कि इस युद्ध में दुनिया की बड़ी ताकतें भी किसी न किसी रूप में इसके पीछे खड़ी दिखाई देती हैं। सैन्य सहायता, हथियारों की आपूर्ति और रणनीतिक समर्थन ने इस संघर्ष को लंबा और जटिल बना दिया है। यही वे देश हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पर्यावरण संरक्षण के सबसे मुखर प्रवक्ता भी हैं।

इसी तरह अब इजरायल-अमेरिका तथा ईरान ने भी युद्ध का मोर्चा खोल दिया है। इसने मध्य-पूर्व की धरती को एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया है। इस संघर्ष में गाजा पट्टी से लेकर ईरान, इजरायल और खाड़ी क्षेत्र के अन्य देशों में हो रही बमबारी केवल मानवीय त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के विनाश का कारण की भी बन रही है। गाजा की सीमित भूमि पर हजारों बमों की बरसात ने वहां मिट्टी को विषैला बना दिया है। बारूदी हमलों से जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं, समुद्री तट प्रदूषित हो रहे हैं और हवा में बारूद का जहर घुल रहा है। युद्ध का यह पर्यावरणीय पक्ष अक्सर मानवीय त्रासदी की विशालता के पीछे छिप जाता है, लेकिन उसका प्रभाव कहीं अधिक दीर्घकालिक होता है। इतिहास ऐसी घटनाओं की सच्चाई को उजागर करता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया



*इसी तरह अब इजरायल-अमेरिका तथा ईरान ने भी युद्ध का मोर्चा खोल दिया है। इसने मध्य-पूर्व की धरती को एक बार फिर बारूद के ढेर पर खड़ा कर दिया है। इस संघर्ष में गाजा पट्टी से लेकर ईरान, इजरायल और खाड़ी क्षेत्र के अन्य देशों में हो रही बमबारी केवल मानवीय त्रासदी नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण के विनाश का कारण की भी बन रही है। गाजा की सीमित भूमि पर हजारों बमों की बरसात ने वहां मिट्टी को विषैला बना दिया है। बारूदी हमलों से जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं, समुद्री तट प्रदूषित हो रहे हैं और हवा में बारूद का जहर घुल रहा है। युद्ध का यह पर्यावरणीय पक्ष अक्सर मानवीय त्रासदी की विशालता के पीछे छिप जाता है, लेकिन उसका प्रभाव कहीं अधिक दीर्घकालिक होता है। इतिहास ऐसी घटनाओं की सच्चाई को उजागर करता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जाता। वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगी आग ने महीनों तक आसमान को काले धुएं से ढक दिया था, जो केवल युद्ध नहीं, बल्कि पर्यावरण पर भी हमला था। इसी तरह वियतनाम युद्ध में जंगलों को नष्ट करने के लिए एजंट आरेंज जैसे रसायनों का प्रयोग किया गया, जिसने लाखों हेक्टेयर जंगल नष्ट कर दिए और वहां की धरती तथा हवा को जहरीला बना दिया। युद्ध का हर विस्फोट केवल सैनिकों को नहीं मारता, वह धरती की छाती में भी एक घाव बनाता है। एक बम जब गिरता है, तो उसके साथ हजारों टन कार्बन वातावरण में फैल जाता है। टैंक और लड़ाकू विमान ईंधन की ऐसी खपत करते हैं, जिसकी कल्पना भी सामान्य जीवन में नहीं की जा सकती। यदि युद्ध के दौरान होने वाले कार्बन उत्सर्जन की सही गणना की जाए, तो शायद वह कई छोटे देशों के कुल वार्षिक उत्सर्जन से भी अधिक होगा। फिर भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलनों में इस विषय पर बहुत कम चर्चा होती है, क्योंकि युद्ध के समय नैतिक प्रश्नों को अक्सर राष्ट्रवाद की चादर से ढक दिया जाता है। पर्यावरण की बात करने वाले कई वैश्विक मंच भी इस विषय पर मौन साध लेते हैं। युद्ध और पर्यावरण के बीच का संबंध केवल प्रदूषण तक सीमित नहीं है। युद्ध प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का भी कारण बनते हैं। जंगलों को काटकर सैन्य अड्डे बनाए जाते हैं और खनिज संपदाओं पर नियंत्रण के लिए संघर्ष छेड़े जाते हैं। इस दृष्टि से देखें, तो युद्ध और पर्यावरण संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।*

जाता। वर्ष 1991 के खाड़ी युद्ध के दौरान कुवैत के तेल कुओं में लगी आग ने महीनों तक आसमान को काले धुएं से ढक दिया था, जो केवल युद्ध नहीं, बल्कि पर्यावरण पर भी हमला था। इसी तरह वियतनाम युद्ध में जंगलों को नष्ट करने के लिए एजंट आरेंज जैसे रसायनों का प्रयोग किया गया, जिसने लाखों हेक्टेयर जंगल नष्ट कर दिए और वहां की धरती तथा हवा को जहरीला बना दिया। युद्ध का हर विस्फोट केवल सैनिकों को नहीं मारता, वह धरती की छाती में भी एक घाव बनाता है। एक बम जब गिरता है, तो उसके साथ हजारों टन कार्बन वातावरण में फैल जाता है। टैंक और लड़ाकू विमान ईंधन की ऐसी खपत करते हैं, जिसकी कल्पना भी सामान्य जीवन में नहीं की जा सकती। यदि युद्ध के दौरान होने वाले कार्बन उत्सर्जन की सही गणना की जाए, तो शायद वह कई छोटे देशों के कुल वार्षिक उत्सर्जन से भी अधिक होगा। फिर भी अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलनों में इस विषय पर बहुत कम चर्चा होती है, क्योंकि युद्ध के समय नैतिक प्रश्नों को अक्सर राष्ट्रवाद की चादर से ढक दिया जाता है। पर्यावरण की बात करने वाले कई वैश्विक मंच भी इस विषय पर मौन साध लेते हैं। युद्ध और पर्यावरण के बीच का संबंध केवल प्रदूषण तक सीमित नहीं है। युद्ध प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का भी कारण बनते हैं। जंगलों को काटकर सैन्य अड्डे बनाए जाते हैं और खनिज संपदाओं पर नियंत्रण के लिए संघर्ष छेड़े जाते हैं। इस दृष्टि से देखें, तो युद्ध और पर्यावरण संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि पर्यावरण के नाम पर नैतिकता का पाठ वही देश पढ़ाते हैं, जिनकी सैन्य शक्ति सबसे अधिक है। वे विकासशील देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की सलाह देते हैं, लेकिन अपने सैन्य उद्योगों के उत्सर्जन पर शायद ही कभी चर्चा करते हैं। यहां सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या पर्यावरण की चिंता केवल एक राजनीतिक औजार है? क्या यह गंभीरता तभी जागृत होती है, जब किसी विकासशील देश के उद्योगों पर सवाल उठाने हों? मगर पृथ्वी की वास्तविकता इससे कहीं अधिक व्यापक है। धरती किसी एक राष्ट्र की नहीं है। हवा, पानी, मिट्टी और जंगल पूरी मानवता की साझा धरोहर हैं। जब किसी युद्ध में तेल के भंडार जलते हैं, तो उनका धुआं पूरी दुनिया के वातावरण में फैलता है। जब रासायनिक कारखाने नष्ट होते हैं, तो उनके विषैले अवशेष नदियों और समुद्रों तक पहुंच जाते हैं। इसलिए युद्ध को केवल राजनीतिक या सामरिक घटना के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह केवल मानवता का ही नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संकट का भी एक बड़ा कारण है। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि आज की दुनिया में युद्ध और पर्यावरण पर विमर्श एक साथ चल रहे हैं, मगर दोनों के बीच कोई वास्तविक संवाद नहीं है। एक तरफ जलवायु सम्मेलन हो रहे हैं, दूसरी तरफ हथियारों की दौड़ तेज होती जा रही है। संभवतः मानव सभ्यता इतिहास के उस मोड़ पर खड़ी है, जहां उसे यह तय करना होगा कि वह पृथ्वी को बचाना चाहती है या अपने अहंकार को, क्योंकि युद्ध उसी अहंकार की अभिव्यक्ति है, जो यह मानता है कि शक्ति ही सबसे बड़ा सत्य है। आज जलवायु परिवर्तन, असामान्य मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती संख्या हमें यही संकेत दे रही है कि पृथ्वी की सहनशीलता की भी एक सीमा है। यदि मानव सभ्यता सचमुच पृथ्वी को बचाना चाहती है, तो उसे केवल पर्यावरणीय नीतियों पर ही नहीं, बल्कि युद्ध की मानसिकता पर भी गंभीरता से विचार करना होगा। जब तक राष्ट्र अपनी शक्ति का प्रदर्शन युद्ध के मैदानों में करते रहेंगे, तब तक पर्यावरण संरक्षण की सारी घोषणाएं शब्दों के जंगल से अधिक कुछ नहीं होंगी। युद्ध पृथ्वी के उस संतुलन को नष्ट करते हैं, जिसे बनाने में प्रकृति को लाखों वर्ष लगे हैं। इसलिए पृथ्वी को बचाने की सबसे पहली शर्त ही यही है कि उसे युद्धभूमि बनने से रोका जाए। अन्यथा इतिहास यह लिखेगा कि मनुष्य ने पृथ्वी को बचाने के लिए असंख्य भाषण दिए, अनगिनत संकल्प लिए, लेकिन जब निर्णायक क्षण आया, तो उसने अपने ही हाथों से उस धरती की कोख में बारूद भर दिया, जिस पर मानव और मानवता का पूरा भविष्य टिका हुआ है।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# डॉलर-युआन युद्ध में तबदील हो सकता है होर्मुज विवाद?

पिछले हफ्ते ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के बारे में रिपोर्टें सामने आईं, जिनमें भारत जाने वाले एल.पी.जी. वाहक भी शामिल थे। इनमें से एक समूह, कोई आश्चर्य की बात नहीं, ईरानी कच्चे तेल का निर्यात करने वाले जहाजों का था। डाटा एनालिटिक्स फर्म केप्लर के अनुमान के अनुसार, अमरीका और इसराईल के साथ शत्रुता के बावजूद मार्च में ईरान के तेल शिपमैंट ने औसतन 1.3-1.4 मिलियन बैरल प्रतिदिन की गति बनाए रखी। रिपोर्ट के अनुसार, इसका अधिकांश हिस्सा चीन के लिए था, जिसे छोटे रिफाइनर चीनी युआन में भुगतान करके खरीद रहे थे। इसके विपरीत, खाड़ी देशों, जो दुनिया की सबसे मूल्यवान व्यापारिक वस्तु को डॉलर में बेचते हैं, ने अपने तेल को फंसा हुआ पाया है। दशकों से, मुद्रा युद्धङ्ग का अर्थ व्यापारिक लाभ के लिए निर्यात को सस्ता करने के लिए पारस्परिक अवमूल्यन का खेल रहा है। क्या होर्मुज एक ऐसा केंद्र बिंदू है, जो एक नए प्रकार के पैट्रो-मुद्रा युद्ध को जन्म दे सकता है? दुनिया के प्रमुख निर्यातक के रूप में, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ ईरान ने अपने लगभग आधे व्यापार को युआन में परिवर्तित किया है। दुनिया के सबसे सस्ते तरीके से निकाले जाने वाले तेल के संरक्षक के रूप में, इस्लामी गणराज्य ने पिछले सप्ताह खाड़ी क्षेत्र में तेल और गैस सुविधाओं पर हुए हमलों के बाद क्षेत्रीय राजतंत्रों के साथ अमरीकी गठबंधन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और पुन?वचार करने का आग्रह किया।

डॉलर में तेल का व्यापार लंबे समय से डॉलर की वैश्विक तरलता को स्थिर रखने में सहायक रहा है, यहां तक कि अमरीका द्वारा सोने के बदले डॉलर का भुगतान बंद करने के बाद भी। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से, कच्चे तेल, गैस और अन्य आयातकों के



लिए कीमतें बढने.के कारण डॉलर की मांग में उछाल आया है, जिससे डॉलर की कीमत में टैरिफ के कारण आई गिरावट से उबरने में मदद मिली है। व्यापार भुगतानों पर इसका प्रभुत्व आरक्षित मुद्रा के वैश्विक निर्धारक के रूप में अमरीका की भूमिका को मजबूत करता है। इससे शायद अमरीकी औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के लिए डॉलर की मजबूती कम हुई हो लेकिन यह अमरीका को एक विशेषाधिकार भी प्रदान करता है। यह अपने राजकोषीय घाटे को बढ़ा सकता है और आसानी से ऋण का ढेर लगा सकता है, क्योंकि इसे अन्य देशों से सस्ते में उधार लेने की सुविधा मिलती है। जो देश इसके बांड खरीदते हैं या अन्य तरीकों से इसमें पूंजी का निर्यात करते हैं। इससे एक महत्वपूर्ण आ?थक लाभ मिलता है-पूंजी की कम लागत। फिर भी, इसराईल के साथ ईरान पर इसके संयुक्त हमले ने मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिम के कारण इसके बांड यील्ड को बढ़ा दिया है। टैरिफ लगाने वाले व्हाइट हाऊस ने अपनी डॉलर नीति पर मिले-जुले संकेत दिए हैं लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए ईरान को दिया गया इसका अल्टीमेटम तेल संबंधी रणनीति का हिस्सा है, जैसे ईरान के खार्ग निर्यात टर्मिनल पर इसकी नजर। यदि चीन चुपचाप होर्मुज के लिए लंबी लड़ाई के परिणाम में हिस्सेदारी चाहता है, तो संभवतः इसके बदले में कच्चे तेल के बिल को युआन के पक्ष में स्थानांतरित करना शामिल है। निश्चित रूप से, अभी तक मुद्रा युद्ध छिड़ा नहीं है लेकिन इसका खतरा अब मामूली नहीं है।

इस युद्ध का भारतीय रुपए पर क्या प्रभाव पड़ेगा? दुर्भाग्य से, अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। पूंजी प्रवाह में कमी के कारण व्यापार घाटा बढने.की आशंका है, ऐसे में भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) की संकटमोचक भूमिका पर ध्यान केंद्रित हो रहा है। डॉलर की बिक्री से रुपए की तरलता भी कम हो रही है, इसलिए इस कमी को दूर करने के लिए आर.बी.आई. को खुले बाजार में बॉन्ड की खरीद बढ़ानी होगी। हालांकि, इस प्रक्रिया की भी एक सीमा है, जिसका अर्थ है कि ब्याज दरों को बढने. से रोकने के लिए रुपए को और कमजोर होना पड़ सकता है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, रुपए में गिरावट से निर्यात को बढ़ावा देने की तुलना में मुद्रास्फीति बढने. की संभावना अधिक है, इसलिए आर.बी.आई. को अपने कार्यों को विवेकपूर्ण ढंग से समायोजित करना चाहिए। चूंकि विनिमय दरों और उधार देने के बीच आर.बी.आई. का एक अन्य प्रमुख संतुलन रुपए की आंशिक परिवर्तनीयता से उत्पन्न होता है, इसलिए कुछ पूंजी बहिर्वाह पर कड़े प्रतिबंध लगाने से उसका काम आसान हो सकता है। लेकिन इससे एक व्यापक संकट का संकेत मिलेगा और इसे उचित ठहराने के लिए पूंजी प्रवाह में भारी कमी की आवश्यकता होगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक इष्टतम मुद्रा नीति के लिए, मौजूदा स्थिति का शांत होना आवश्यक है। मौजूदा रुझानों को देखते हुए, डॉलर-युआन के बीच टकराव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। केंद्रीय बैंकों को तदनुसार अपने परिदृश्य विश्लेषण में विविधता लाने की आवश्यकता हो सकती है। भू-राजनीतिक उथल-पुथल ने ब्लैक स्वानङ्ग जैसी घटनाओं को भी धूसर बना दिया होगा।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**30 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





**सोमवार** 2026 वर्ष का 89 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 07.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 14.48 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 16.51 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.10 बजे तदनन्तर कौलव 19.00 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.44 बजे से | **चन्द्रायु** 10.9 घण्टे |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.24 बजे से | **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 41' |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.22 बजे से | **सूर्य** उत्तरायन |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.35 बजे से | **कलि अहर्गण** 1872664 |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.51 बजे से | **जूलियन दिन** 2461129.5 |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.03 बजे से | **कलियुग संवत्** 5128 |
| शनि | मीन में | तुला | 19.14 बजे से | **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.29 ब.से | **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.45 बजे से | **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 |
| **राहुकाल** 7.30 से 9.00 बजे तक | | मकर | 01.50 बजे से | **हिजरी सन्** 1447 |
| | | कुंभ | 03.36 बजे से | **महीना** सव्वाल |
| | | मीन | 05.09 बजे से | **तारीख** 10 |
| | | | | **विशेष** प्रदोष व्रत, मदन द्वादशी। |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8815




**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य, नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ, जिव्हा-3
11. पाश, फंदा, -2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष, रूम-3
20. भरोसा, विश्वास-4
22. सचेत, होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी, धब्बेवाला-4
2. गीलापन, तर होना-2
3. दुनिया, जगत-3
4. अदा, हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना, गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक, विनाशकारी-3
17. खारा, क्षारीय-4
18. वन, जंगल-3
21. लाश, मुर्दा, मृतक-4

**शब्द पहेली -8814 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7749** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7748 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## साल 2026 में रिलीज होंगी 7 बड़ी फिल्में



# वामिका बनीं मेकर्स की पहली पसंद

**अक्षय** कुमार के साथ 'भूत-बंगला' से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली वामिका गब्बी के लिए साल 2026 बेहतरीन होने वाला है क्योंकि अभिनेत्री सिर्फ हिंदी सिनेमा में ही नहीं, बल्कि मलयालम और तमिल सिनेमा में भी धूम मचाने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री की एक नहीं, बल्कि 7 फिल्में बॉक्स ऑफिस पर इस साल दस्तक दे सकती हैं, जो कॉमेडी से लेकर एक्शन के जॉनर में होने वाली हैं। इन सभी फिल्मों में अभिनेत्रियों का अलग-अलग अवतार फैंस को देखने को मिलने वाला है। वामिका 'भूत-बंगला' के साथ 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फिल्म हॉरर और कॉमेडी का मिक्स कॉकटेल होने वाली है। फिल्म को प्रियदर्शन डायरेक्ट कर रहे हैं, और ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि दर्शक डरने के साथ पेट पकड़कर हंसने भी वाले हैं। वामिका 4 साल बाद मलयालम सिनेमा में वापसी के लिए तैयार हैं। वह 'टिकी टाका' फिल्म में अभिनेत्री आसिफ अली के साथ लीड रोल में दिखने वाली हैं।

फिल्म पहली 2025 में दिसंबर के महीने में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब फिल्म मई के महीने में रिलीज हो सकती है। फिल्म का निर्देशन रोहित वीएस कर रहे हैं, जो पहले से ही अपनी एक्शन से भरपूर फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। सिर्फ मलयालम में ही नहीं, वामिका तमिल सिनेमा में फेंटसी फिल्म 'जिनी' में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आने वाली है। फिल्म का निर्देशन अर्जुनन जूनियर कर रहे हैं और फिल्म में वामिका के अलावा, जयम रवि और कल्याणी प्रियदर्शन भी लीड रोल में हैं। अभी तक फिल्म का पोस्टर सामने आया है जिसमें सभी लोग काल्पनिक किरदारों में दिख रहे हैं। फिल्म इसी साल, 2026, में रिलीज होगी। इसके अलावा वामिका 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' और 'पति पत्नी और वो दो' में दिखने वाली हैं। 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' रोमांटिक और कॉमेडी का मिक्स कॉकटेल है, जबकि 'पति पत्नी और वो दो' में जबरदस्त कॉमेडी और रिश्तों की नोक-झोंक दिखने वाली है। दोनों ही फिल्में इसी साल पर्दे पर रिलीज होने वाली हैं। 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' की शूटिंग भी लगभग पूरी हो चुकी है। वामिका 'किकली' के जरिए पंजाबी सिनेमा में भी एक्शन करती नजर आने वाली है।

'किकली' आगामी एक्शन-थ्रिलर फिल्म में मंदी तखर और जोबनप्रीत लीड रोल में हैं। फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन माना जाता है कि फिल्म इस साल के आखिर तक रिलीज हो जाएगी। वहीं, अभिनेत्री एक्शन और थ्रिलर से भरी फिल्म 'जी-2' में भी दिखने वाली है। कहा जाता रहा है कि फिल्म मई के आखिर में रिलीज हो सकती है।



# 26 साल छोटी हीरोइन संग अक्षय कुमार का रोमांस

### एज गैप को लेकर जबरदस्त रिप्लाई

अक्षय कुमार ने फिल्म भूत बंगला में वामिका गब्बी के साथ एज गैप को लेकर उठे सवालों पर जवाब दिया है. उन्होंने खुलकर कहा कि यह कोई नया नहीं है. जानिए वामिका के लिए क्या कह गये अक्षय कुमार? फिल्मों में हीरो-हिरोइन की उम्र का फर्क हमेशा से चर्चा का विषय रहा है. कई बार बड़े स्टार्स को इसके लिए ट्रोल भी किया जाता है. अब इसी मुद्दे पर अक्षय कुमार ने खुलकर अपनी राय रखी है. अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म भूत बंगला में वामिका गब्बी के साथ नजर आने वाले हैं. दोनों के बीच करीब 26 साल का एज गैप है, जिसको लेकर सवाल उठने लगे.

### अक्षय कुमार ने दिया जवाब

इस पर अक्षय कुमार ने कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है. उन्होंने कहा, 'ऐसा पहले भी होता आया है, सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं हॉलीवुड में भी. कई बार ये कहानी की जरूरत होती है और असल जिंदगी में भी लोग अपने से बड़े या छोटे पार्टनर से शादी करते हैं.'

### डायरेक्टर का भी आया रिएक्शन

फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि असली उम्र और स्क्रीन पर दिखने वाली उम्र अलग होती है और दर्शक एक्टर को उसी हिसाब से स्वीकार करते हैं. इस दौरान अक्षय कुमार ने वामिका गब्बी की जमकर तारीफ की. उन्होंने बताया कि वामिका अपने काम को लेकर काफी सीरियस हैं और लगातार रिहर्सल करती रहती हैं. अक्षय ने यह भी कहा कि वह नए कलाकारों के साथ काम करते हुए उनसे काफी कुछ सीखते और ऑब्जर्व करते हैं.

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रवि किशन बोले -

# भोजपुरी सिनेमा और साहित्य का गहरा संबंध



**प्रगति** मैदान स्थित भारतमंडपम में 25 मार्च से शुरू हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सितारों की रौनक ने दिल्ली को जगमगा दिया है। ऐसा पहली बार है जब दिल्ली में इतनी संख्या में बड़े सितारों का मेला लगा है। समारोह में आमिर खान, कंगना रनौत, कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा, भाजपा सांसद और भोजपुरी एक्टर रवि किशन के अलावा दक्षिण भारतीय सितारों को भी देखा गया। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे रवि किशन ने कहा, यह एक शानदार कदम है। मुझे इस मंडपम को देखने का मौका मिला। नरेंद्र मोदी ने एक विशाल ढांचा तैयार किया है जो दर्शाता है कि हम इस नए भारत में बहुत मजबूत हैं। इस फेस्टिवल से हमारे भारतीय फिल्म निर्माताओं को बहुत प्रोत्साहन मिला है कि उन्हें भी अपने भारत में फिल्म समारोह आयोजित करने, बातचीत करने और मीडिया से संपर्क करने का मौका मिला है।' अभिनेता ने ये भी बताया कि उनकी भोजपुरी फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' की भी आज स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई है। इसके अलावा आगामी नेटफ्लिक्स सीरीज 'मामला लीगल है-2' को लेकर भी चर्चा होगी। रवि किशन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल पर अपने करियर और निजी जिंदगी से जुड़े राज भी खोलेंगे और सीरीज के प्रमोशन के साथ क्षेत्रीय सिनेमा के विकास पर भी बात होगी। फिल्म फेस्टिवल के लिए रवि किशन ने दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को धन्यवाद दिया। उनका कहना है कि उस कदम से भारतीय सिनेमा और कल्चर को बल मिलेगा और दिल्ली ही नहीं, बाकि सभी राज्यों में सिनेमा के विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। भोजपुरी सिनेमा पर बात करते हुए अभिनेता ने आगे कहा, 'भोजपुरी फिल्म उद्योग का साहित्य से गहरा संबंध है। 1962 में हमारे अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चाहते थे कि भोजपुरी में फिल्में बनें। इसलिए, नजीर हुसैन ने एक फिल्म बनाई और फिल्म बनाने की बात हवाई जहाज में हुई थी। फिल्म का नाम था 'हे गंगा मैया तोहे पियरी चढ़ाइबो'। यहीं से इसकी शुरुआत हुई और फिर फिल्म उद्योग आगे बढ़ा। फिर 90 के दशक में यह उद्योग ठप हो गया। अभिनेता ने आगे बताया कि वे भोजपुरी में 400 से ज्यादा फिल्में कर चुके हैं और अभी हिंदी सिनेमा में काम करने में व्यस्त हैं लेकिन अगर उन्हें भोजपुरी से अच्छी फिल्म का ऑफर आता है तो वे जरूर करेंगे।



# सौया ने शुरू की घुड़सवारी की ट्रेनिंग

**अभिनेत्री** सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है। सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घोड़ों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में वे घुड़सवारी सीखते हुए भी दिख रही हैं। सौम्या ने लिखा, 'पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी। सौम्या ने लिखा, 'पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम 'बादशाह' है। सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, 'मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं। अंत में सौम्या ने लिखा, 'फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही। उम्मीद है एक दिन हम साथ में घोड़ी चलाएंगे और तेज दौड़ लगाएंगे।'



## दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल : नेविल तुली ने बताई सिनेमा की असल परिभाषा

**दिल्ली** हिंदी सिनेमा से लेकर दक्षिण भारत सिनेमा के बड़े सितारों की रोशनी से सज चुकी है। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आगाज के बाद विदेशी कलाकार दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। समारोह का हिस्सा 'तुली भारत अध्ययन अनुसंधान केंद्र' (टीआरआईएस) के अध्यक्ष और लेखक नेविल तुली भी रहे, जिन्होंने सिनेमा को समझने की बात की। दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफडी) में टीआरआईएस के अध्यक्ष ने कहा, ''प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य यह है कि यदि आप किसी व्यवस्था को बदलना चाहते हैं, तो आपको जनता की अपेक्षाओं को बदलना होगा। जनता सोचती है कि हम सिनेमा को जानते हैं, हम समझते हैं कि सिनेमा क्या है और हमने सदियों से सिनेमा से प्रेम किया है। लेकिन जब हर व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, इस प्रदर्शनी में आता है, तो सिनेमा के प्रति उसका दृष्टिकोण बदल जाता है, क्योंकि उसने इससे पहले ऐसा कहीं नहीं देखा होगा। यहां सिनेमा के इतिहास को दिखाया गया है, जो देखने वाले के नजरिए को पलभर में बदल सकता है।

### एआई चैटबॉट बना रहे थे

# सोनाक्षी का अश्लील कंटेंट



दिल्ली उच्च न्यायालय ने लगाया बैन दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए एआई चैटबॉट सहित कई मंचों को उनकी तस्वीर, आवाज और पहचान के अनधिकृत उपयोग से रोक दिया है। यह अंतरिम आदेश अभिनेत्री की प्रतिष्ठा का व्यावसायिक लाभ उठाने और उनकी नकल कर आपत्तिजनक सामग्री बनाने के आरोपों के बाद आया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करते हुए एआई चैटबॉट सहित कई मंचों को उनकी तस्वीर, आवाज या व्यक्तित्व से जुड़ी अन्य पहचान के अनधिकृत उपयोग से रोक दिया है।


## स्प्लिट्सविला के कंटेस्टेंट्स को संभालना बच्चों को संभालने जैसा है : करण कुंद्रा



**अभिनेता** करण कुंद्रा इन दिनों लोकप्रिय भारतीय डेटिंग रियलिटी शो एमटीवी स्प्लिट्सविला के 16वें सीजन में नजर आ रहे हैं। इस शो में करण के साथ सनी लियोनी भी मेजबानी कर रही हैं। करण ने हाल में खास बातचीत में बताया कि शो में सनी लियोनी और उन्होंने इस शो को अच्छे से करने में पूरा और जान लगा दी है। उन्होंने कहा, 'हमने इस प्रोजेक्ट के लिए अपना दिल और जान सब लगाया है क्योंकि हमारे लिए शो में 32 कंटेस्टेंट्स को संभालना अपने बच्चों को संभालने के बराबर है। शो के दौरान हम उनकी भावनाओं से जुड़ते हैं और उनकी बात को अच्छे से समझाने की कोशिश करते हैं।' शो के दौरान करण कुंद्रा और सनी लियोनी कंटेस्टेंट्स के इमोशंस को बहुत ध्यान से हैंडल करते हैं। शो में प्यार, रिश्ते और चुनौतियों पर आधारित कई दिलचस्प टास्क होते हैं। दोनों होस्ट्स कंटेस्टेंट्स को सही सलाह देते हैं और उन्हें समझाते हैं कि जीवन में क्या सही है। अभिनेता ने इसे लेकर कहा कि जब मेरे और सनी के बच्चे बड़ें होंगे और वे पीछे मुड़कर देखेंगे कि उनके माता-पिता ने किस तह के प्रोजेक्ट पर काम किया है, तो वे हम पर गर्व करेंगे। करण ने कहा, 'जब हमारे बच्चे इस शो को पीछे मुड़कर देखेंगे और अपने माता-पिता को स्क्रीन पर देखेंगे, तो वे कहेंगे कि 'हमारे माता-पिता सच में बहुत कमाल के हैं।' एमटीवी 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' एक डेटिंग रियलिटी शो है, जो एमटीवी इंडिया पर आता है। शो के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं और इस शो को सनी लियोनी और करन कुंद्रा होस्ट कर रहे हैं। वहीं, उर्फी और निया भी नजर आ रही हैं। इनका काम प्रतियोगियों को चुनौती देना और खेल में बाधाएं डालना होगा।

# जब पहली ही फिल्म में अर्चना पूरन सिंह को अभिनेता ने गले लगाने से कर दिया था इनकार

### तब नसीरुद्दीन शाह ने समझाया



बात चाहे 'कुछ-कुछ होता है' की मिसेज ब्रिगेंजा हो या फिर कपिल शर्मा शो में जज के रूप में हंसने की, अर्चना पूरन सिंह इन दोनों ही किरदारों में हिट रही हैं। अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह आज भी पर्दे पर अपने व्लॉग से दर्शकों को मनोरंजन करती रहती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि 19 साल की उम्र में कैमरा फेस करने वाली अर्चना पूरन सिंह को पहली फिल्म पाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी थी? 26 मार्च को देहरादून में जन्मीं अर्चना पूरन सिंह आज टीवी का नाम-माना चेहरा हैं। भले ही अभिनेत्री फिल्मी पर्दे से दूर हैं, लेकिन वह सोशल मीडिया और द कपिल शर्मा शो के जरिए फैंस के बीच छाई रहती हैं। टीवी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अर्चना को नहीं पता था कि आगे जाकर वे जज बनकर कुर्सी पर बैठकर हंसने के लिए मोटे पैसे लेगीं, लेकिन उसका शुरुआती करियर संघर्ष से भरा था। फिल्मों में कदम रखने से पहले अर्चना टीवी पर कई सीरियल्स में काम कर चुकी थीं। उन्होंने 'मिस्टर या मिसेज' और करमचंद जैसे नाटकों में काम किया, और 'करमचंद' में अभिनेत्री का डबल रोल था। कहा जाता है कि उस वक्त अर्चना ही पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने छोटे पर्दे पर डबल रोल को आसानी से कर लिया था। हालांकि वह तीन एपिसोड में दिखी थीं, जिसके बाद सीरियल बंद हो गया। साल 1987 में अभिनेत्री को पहली फिल्म 'जलवा' ऑफर हुई, जिसके लिए उन्हें मुंबई की ही 30-35 मॉडल लड़कियों से भिड़ना पड़ा। अभिनेत्री ने खुद खुलासा किया था कि जब स्क्रीन टेस्ट के लिए बुलाया गया, वह घर से दूर थीं और एक फोन कॉल पर 100 रुपए की टैक्सी कर पहुंची थीं, जो उस वक्त के हिसाब से बहुत ज्यादा था। फिर मुझसे कैमरे के सामने लाइनें बोलने के लिए कहा गया। मेरा सिलेक्शन हुआ और फिर लगा कि 100 रुपए वसूल हो गए। फिल्म जलवा की शूटिंग करना भी अर्चना के लिए आसान नहीं था। फिल्म के लीड एक्टर साइरस ब्रोचा ने अर्चना को सीन के दौरान गले लगाने से मना कर दिया था।

## बिहार बोर्ड माध्यमिक परीक्षा का परिणाम जारी, 81.79 प्रतिशत छात्र सफल

एजेंसी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने रविवार को मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम जारी कर दिया। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर की मौजूदगी में नतीजों की घोषणा की। इस वर्ष कुल 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 82.11 प्रतिशत के मुकाबले थोड़ा कम है। लगातार आठवें वर्ष बिहार बोर्ड ने देश में सबसे पहले मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर एक बार फिर रिकॉर्ड कायम किया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बिहार देश का पहला राज्य बन गया है जहां मार्च महीने में ही इंटर और मैट्रिक दोनों परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मात्र 12 दिनों के मूल्यांकन कार्य के बाद परिणाम जारी करना



बोर्ड की बड़ी उपलब्धि है। इस वर्ष परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है। जमुई के सिमतुला आवासीय विद्यालय की पुष्पांजलि कुमारी और वैशाली के चौराई स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय की सबरीन परवीन ने 492 अंक (98.4 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बेगूसराय की नाहिद सुल्ताना रहीं, जिन्होंने 489 अंक (97.8 प्रतिशत) प्राप्त किए।

तीसरे स्थान पर बक्सर की अनूपा कुमारी और बेगूसराय के ओम कुमार रहे, जिन्हें 488 अंक (97.6 प्रतिशत) मिले। चौथे स्थान पर समस्तीपुर की ज्योति कुमारी, बांका के अनुभव कुमार और पूर्णिया के अंश राज ने 487 अंक (97.4 प्रतिशत) हासिल किए। वहीं, पांचवें स्थान पर बेगूसराय की प्रेरणा कुमारी, भोजपुर की नसरीन परवीन, बेगूसराय के अवनीश कुमार, कैमूर के विकास कुमार गुप्ता और सहरसा के रुपेश कुमार शामिल रहे, जिन्होंने 486 अंक (97.2 प्रतिशत) प्राप्त किए। टॉप-5 में कुल 13 परीक्षार्थी शामिल हैं, जबकि 6वें से 10वें स्थान तक 126 छात्रों ने जगह बनाई है। छात्र-छात्राएं अपना परिणाम बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। उल्लेखनीय है कि मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी के बीच राज्यभर के 1,699 परीक्षा केंद्रों पर किया गया था। इस परीक्षा में कुल 15.12 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 7.85 लाख छात्राएं और 7.26 लाख छात्र थे। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## चावल मिल से अवैध चावल बरामद, एसडीएम ने करायी एफआईआर

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव अनुमंडल क्षेत्र के कैरिया पंचायत स्थित जंगलगोपाली रेलवे क्रॉसिंग के पास संचालित चावल मिल से एसडीएमआईएएस कृष्ण कुमार गुप्ता अवैध चावल को बरामद किया है। इसके बाद इलाके में चल रहे अवैध चावल मिल और गोदाम संचालकों में हड़कंप मच गया है।

उल्लेखनीय है कि करीब 3 वर्षों से मां सुशीला राईस मिल में अवैध कारोबार होने की सूचना मिल रही थी लेकिन चावल मिल के मालिक रंजीत मंडल दबंग है। साथ-साथ इन्हें सफेद पोशों का संरक्षण मिला हुआ था। इस कारण कोई भी




अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे थे। लेकिन जैसे ही अनुमंडल अधिकारी बदले गए और नए अनुमंडल अधिकारी आईएएस ऑफिसर कृष्ण कुमार गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद पुनः स्थानीय लोगों ने इस मिल में चल रहे अवैध कारोबार की सूचना अनुमंडल अधिकारी तक पहुंचाई। अनुमंडल अधिकारी ने जांच के उपरांत शनिवार देर शाम छापेमारी करने के लिए मां सुशीला चावल मिल पहुंचे। मौके से भारी मात्रा में एफआर चावल को प्रशासन ने बरामद किया। बताया जा रहा है कि पीडीएस दुकानदारों को आवंटित चावल को छोटे-छोटे व्यापारियों द्वारा डीलरों से खरीदकर अवैध रूप से झारखंड के हनवारा थाना क्षेत्र के नरैनी और भागलपुर जिले के पीरपैंती, बाराहाट, सन्हौला में जमा किया जाता है, जहां से इस चावल को कालीरात को बिना नंबर के मिनि ट्रक 407, ट्रक और पीकप के माध्यम से क्षेत्र में संचालित राइस मिलों में पहुंचाया जाता है। वहां राइस मिल के मालिक री-पैकिंग कर दोबारा एफसीआई गोदामों में भेजा जा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### मिर्जापुर सरपंच के भतीजे की सड़क हादसे में हुई मौत

**अररिया।** जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र के मिजार्पुर वार्ड संख्या 15 निवासी कमलेश्वरी दास के पुत्र एवं मिजार्पुर के वर्तमान सरपंच बिंदेश्वरी दास का भतीजा 23 वर्षीय नितेश कुमार दास का बीती रात्रि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बुरी तरह जख्मी हो गए। जिसे आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया,जहां ईलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही गांव में मिली, भारी संख्या में लोग घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे।सूचना पर सिमराहा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।मृतक दो भाई और एक बहन से था। एक भाई मिथलेश दास का निधन तीन वर्ष पूर्व हो गया था। मृतक नितेश की शादी एक वर्ष पूर्व गांव के ही दिनेश ततमा की पुत्री से हुई थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मृतक के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया।उन्होंने शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देते हुए उचित मुआवजा राशि दिलाने का भरोसा दिलाया।

### सिहमा में भाजपा नेता और किसानों की बैठक आयोजित

**छौड़ाही/बेगूसराय।** प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व तूफानी बारिश से रबी सीजन की फसलों को एक तो पहले ही व्यापक नुकसान पहुंचा था। इस क्रम में शुक्रवार की देर रात पुनः आंधी-पानी होने से किसानों में हाहाकार मच गया है। जिसको देखते हुए फसल क्षतिपूर्ति की मांग तेज हो गई है और राजनीतिक दल किसानों को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने हेतु गंभीर हो गए हैं। इसी के मद्देनजर शनिवार की शाम भाजपा उत्तरी मंडल अंतर्गत सिहमा ग्राम में नेता और किसानों की बैठक आयोजित की गई। भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री मो.अरसे आजम की अध्यक्षता में छौड़ाही प्रखंड में गेहूं, मक्का आदि फसल के भारी नुकसान पर गहन विचार-विमर्श किया गया। भाजपा नेता और किसानों ने एक सुर में बीएओ और डीएओ से गंभीरतापूर्वक पीड़ित किसानों को उनके प्रभावित फसलों की क्षतिपूर्ति देने की मांग रखी।

## मखाना उत्पादन और प्रसंस्करण तकनीक का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

एजेंसी

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के पूसा स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली द्वारा विश्वविद्यालय के मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र के प्रायोजन में ह्लमखाना उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीकह्व विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ आर.के. तिवारी एवं मखाना अनुसंधान एवं विकास उत्कृष्टता केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ पुष्पा सिंह ने मखाना फसल के बढ़ते महत्व, इसके पोषण मूल्य तथा बिहार विशेषकर समस्तीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में इसके व्यापक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मखाना न केवल किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह निर्यात की



दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण फसल बनती जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ आर.के. तिवारी ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र बिरौली द्वारा मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेतों पर प्रत्यक्षण (डेमो) एवं नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि वैज्ञानिक तकनीकों को सीधे किसानों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समस्तीपुर सहित पूरे क्षेत्र में मखाना की खेती को एक संगठित एवं व्यावसायिक रूप देने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव हो सके।

प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान विशेषज्ञ डॉ धीरु कुमार तिवारी ने मखाना उत्पादन की उन्नत तकनीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने तालाब आधारित मखाना उत्पादन एवं खेत में मखाना की खेती के विभिन्न तरीकों को चरणबद्ध तरीके से समझाया। साथ ही उन्होंने नर्सरी प्रबंधन, पौध रोपण विधि, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर मखाना की उत्पादकता एवं गुणवत्ता दोनों में सुधार किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, सहायक प्राध्यापक डॉ अभिषेक उपाध्याय ने मखाना खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न आधुनिक यंत्रों एवं मशीनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यंत्रीकरण से श्रम लागत में कमी आती है और कार्य दक्षता में वृद्धि होती है। वहीं, सहायक प्राध्यापक डॉ कुलविंदर कौर ने मखाना प्रसंस्करण की विभिन्न विधियों पर प्रकाश डालते हुए इसके मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि मखाना से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर किसानों की आय को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान ई. विनिता कश्यप ने मखाना उत्पादन में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से फसल की निगरानी, पोषक तत्वों का छिड़काव एवं कीटनाशकों का सटीक उपयोग संभव है, जिससे समय एवं लागत दोनों की बचत होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केवीके की कर्मी निशा रानी सहित अन्य वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## डॉक्टर बन गांव की सेवा करना चाहती नाहिदा, मैट्रिक में पाया है दूसरा स्थान

एजेंसी

**भगवानपुर/बेगूसराय।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी मैट्रिक परीक्षा परिणाम में प्रखंड की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। हाई स्कूल बनवारीपुर की छात्रा नाहिदा सुल्ताना ने 489 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में दूसरा स्थान हासिल किया है। उसकी इस सफलता से गांव सहित पूरे इलाके में खुशी की लहर है। बनवारीपुर वार्ड संख्या-10 निवासी मो. सोहराब आलम की पुत्री नाहिदा ने सीमित संसाधनों के बावजूद यह उपलब्धि हासिल कर



मिसाल पेश की है। उसके पिता बेंगलुरु में एक मस्जिद में इमाम हैं, जबकि माता नूर साबाह गृहिणी हैं। नाहिदा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।ग्रामीण क्षेत्र के बनवारीपुर हाई स्कूल में पढ़ाई करने वाली नाहिदा का सपना डॉक्टर बनकर गांव के गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।

## एसएसबी ने चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

एजेंसी

**बेतिया।** 47वीं वाहिनी एसएसबी(रक्सौल) के कमांडेंट संजय पांडेय के निर्देश पर कंगली गांव में मानव चिकित्सा शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया।शिविर 47वीं वाहिनी एसएसबी चिकित्सा -कमांडेंट डॉ.निशिकान्त के द्वारा लगभग 200 स्थानीय नागरिकों को उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। साथ ही शिविर में आये नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली हेतु त्वचा रोग(फंगल इन्फेक्शन), डायबिटीज और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखने,




हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी से जुड़ी गंभीर शारीरिक समस्याएं एवं इनसे बचने के उपाय से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कंगली के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।एसएसबी के द्वारा मानव चिकित्सा शिविर के आयोजन हेतु कंगली गांव तथा आसपास के गावों से आये ग्रामीणों ने एसएसबी की प्रशंसा करते हुए कहा कि निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर व पशु चिकित्सा शिविर से सीमावर्ती नागरिकों को लाभ होता है तथा इसे समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दी।

## न्याय और धर्म के प्रतीक हैं बाबा धर्मराज : डॉ. अमन

एजेंसी

**सुपौल।** सदर प्रखंड अंतर्गत लौकहा पंचायत में अखिल भारतीय लोकगाथा भगैत महासभा के तत्वावधान में 62 वां वार्षिक अधिवेशन सह राज्य स्तरीय भगैत महासम्मेलन का विधिवत आगाज बाबा धर्मराज की जय घोष के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महासभा प्रवक्ता डॉ अमन कुमार ने कहा कि भगैत मानवता की असली पाठशाला है। मानवता इंसान का सबसे बड़ा धर्म है। धर्म का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं बल्कि सत्य, प्रेम, न्याय और कर्तव्य पर आधारित




जीवनशैली है। जो मनुष्य को ह्लमानवह्व बने रहने में मदद करती है।

आध्यात्मिक विकास से मनुष्य को आंतरिक शांति, असीम आनंद, आत्म ज्ञान और जीवन के वास्तविक उद्देश्य की समझ मिलती है। डॉ कुमार ने कहा कि गिरे हुए को उठाना, भूखे को रोटी देना, प्यासे को पानी देना, पिछड़े हुए को आगे बढ़ने का अवसर देना और सभी जीव-जन्तु के प्रति दया, न्याय व करूणा बनाए रखना धर्म है। जीवन के अंत मृत्यु को याद रखते हुए निडर होकर सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश बाबा धर्मराज के गाथाओं से मिलती है। उन्होंने कहा कि धर्म का उद्देश्य विभाजन नहीं बल्कि एकता व भाईचारा का प्रचार करना है। कहा कि भगैत भारतीय संस्कृति और सभ्यता की सर्वोत्तम प्रहरी है। लोकगाथा भगैत समाज की किसी वर्ग, धर्म, जाति या व्यक्ति विशेष से संबंधित नहीं है बल्कि सम्पूर्ण समाज की धरोहर है। यज्ञ स्थल से 108 बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा लौकहा, कजहा, अमहा के विभिन्न मार्गों में निकाली गई। जिसमें सैकड़ों ग्रामीण, महासभा सदस्य व पदाधिकारी सहित धर्मराज भक्त शामिल हुए।

### बच्चों ने जल और लिंग आधारित भाषण से किया मोहित




**गढ़हरा/बेगूसराय।** बरौनी एनटीपीसी की ओर से शनिवार को मध्य विद्यालय गढ़हरा में बच्चों के बीच विश्व जल दिवस,2026 का विषय जहां जल बहता है वहां समानता बढ़ती है, पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी बरौनी के वरिष्ठ प्रबंधक संकल्प श्रीवास्तव, समाजसेवी दानिश महबूब आदि का स्वागत एचएम सिकंदर कुमार पासवान ने किया।मंच संचालन रंजीत कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बीते 22 मार्च से विश्व जल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों में बच्चों को जागरूक किया जा रहा है।बच्चे राष्ट्र के भविष्य और प्रहरी हैं।इनके विचार ओजस्वी और प्रेरणादायी हैं।इस वर्ष का थीम जल और लिंग है, जो सुरक्षित जल और स्वच्छता को जन जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। इस मौके पर प्रतिभागियों में प्रथम पलक कुमारी, द्वितीय साक्षी कुमारी व चक्रेश भारद्वाज, तृतीय राजकुमार रहे। वहीं प्रतिभागियों में आदर्श कुमार सिंह, आदेश कुमार, रत्नमाला कुमारी, प्रीत कुमार, आसिया प्रवीण, अंकुश कुमार,अंकित कुमार, सौरभ कुमार,तमीम सादाब, साहबी महबूब ने भी विचार रखे। वहीं बारो हाई स्कूल के अतिथि छात्रा दोनों अर्चना कुमारी के भाषण को सुन उपस्थित लोग काफी आनंदित हुए। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक सुधीर कुमार वर्मा ने किया। मौके पर जेई धीरज कुमार, कुमारी सुमित्रा, मो खालिद सैफुल्लाह रहमानी, अंकिता मिश्रा, ऊषा कुमारी तांती, सुनील कुमार मंडल, किरण कुमारी, सफकत आफरीन आदि थे।

### भाजपा कालियागंज मंडल कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**अररिया।** सिकटी विधानसभा के अंतर्गत पलासी प्रखंड के कालियागंज मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत रविवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कालियागंज बाजार में किया गया। इस प्रशिक्षण में सात प्रशिक्षकों एवं विभिन्न वक्ताओं के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी के वैचारिक अधिष्ठान, इतिहास, विकास कार्य, संगठन विस्तार की दृष्टि, कार्यपद्धति, सरकार की उपलब्धियां एवं उनके क्रियान्वयन, सोशल मीडिया और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, जिला उपाध्यक्ष अंजुलता झा,जिला सह-कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह,अशोक चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिव्यमूर्ति संदीप, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हुलास मालू, मंडल अध्यक्ष बिहारी ठाकुर, महामंत्री सुजीत झा, संजय विश्वास, डेलीगेट दयानंद चौधरी, पंकज मंडल, मुन्ना सरदार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चैती दुर्गा पूजा सह मेला का समापन, प्रतिमा विसर्जन के साथ नम आंखों से मां को दी विदाई

**भगवानपुर/बेगूसराय।** भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चैती दुर्गा पूजा सह मेला का समापन रविवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। बीते नौ



दिनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।रविवार को प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित ब्रह्मस्थान चैती दुर्गा मंदिर से माता दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने ट्रैक्टर पर सवार कर पूरे गांव में भ्रमण कराया। इसके बाद जुलूस तेघड़ा प्रखंड के अयोध्या गंगा घाट पहुंचा, जहां विधि-विधान के साथ प्रतिमा का जल में विसर्जन किया गया। इस दौरान महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और नम आंखों से मां को विदाई दी गई। वहीं चेरिया गांव में भी पूजा का समापन हुआ। प्रतिमा को गांव में घुमाने के बाद पास स्थित बूढ़ी गंडक नदी में श्रद्धा के साथ प्रवाहित किया गया। गेहूंनी गांव में भी दोपहर से पहले ही विसर्जन की प्रक्रिया पूरी की गई। यहां प्रतिमा को ट्रैक्टर पर सवार कर गांव में भ्रमण कराया गया, तत्पश्चात बलान नदी में विसर्जित किया गया।काजीरसलपुर गांव स्थित चैती दुर्गा मंदिर में भी प्रतिमा विसर्जन के साथ मेला का समापन हुआ। यहां से प्रतिमा को जुलूस के रूप में घुमाते हुए तेयाय ओपी के समीप स्थित पोखर में विसर्जित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में पिछले 41 वर्षों से चैत्र नवरात्र के अवसर पर पूजा होती आ रही है। मेला के दौरान श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए हर वर्ष आल्हा-उदल नाच का आयोजन किया जाता है।चेरिया गांव में मेला के दौरान उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड से आए कलाकारों द्वारा विदेशिया नाच का भी आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को खूब आकर्षित किया।

## बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद ने भव्य जागृति शोभा यात्रा का किया आयोजन

एजेंसी

**तेघरा/बेगूसराय।** नव वर्ष का आरम्भ,हनुमान जन्मोत्सव व रामनवमी को लेकर रविवार को बजरंगदल व भाजपा, विश्वहिंदू परिषद ने संयुक्त रूप से विशाल जागृति भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। इस भव्य शोभा यात्रा की शुरूआत बछवाड़ा के मुरलीटोल टोलप्लाजा के समीप हनुमान मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ धर्म ध्वजा व शस्त्र का पूजन किया गया। शोभा यात्रा शुरू होते ही हजारों की संख्या में राम भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी कार्यकर्ता अपने अपने हाथों में पताखा लेकर जय श्री राम, हर घर भगवा लहराएगा,रामराज फिर आएगा जैसे



गगनभेदी नारों के साथ पूरा इलाका गुंजायमान बना रहा। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल व सजे-धजे रथ वाहन के साथ जुलूस निकाला गया। मुरलीटोल टोल प्लाजा से प्रस्थान कर यह शोभा यात्रा एनएच-28 के रास्ते झमटिया पहुंची, इसके बाद जुलूस बछवाड़ा बाजार और थाना रोड होते हुए रानी दो पंचायत के मोहनियां ढाला चौक के समीप एनएच-28 पर पहुंचा। रास्ते भर राम भक्त डीजे की थाप पर झूमते-गाते नजर आए। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, जहां बच्चे, महिला,बुजुर्ग और युवा सभी भक्ति के रंग में सराबोर दिखे। जुलुस मोहनियां ढाला चौक से होते हुए एनएच 28 के रास्ते रानी और गोधना गांव होते हुए तेघड़ा बरौनी वाटिका चौक पर जाकर समाप्त होगया। शोभा यात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने अनुशासन बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई, वहीं प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया ताकि यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इस जागृति यात्रा के माध्यम से धर्म और संस्कृति के प्रति एकजुटता का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा में प्रभाकर कुमार राय,सुमन चौधरी,बिरजू मल्लिक,राजा कुमार,प्रिंस कुमार,प्रवीण कुमार, कृष्ण कुमार उर्फ बाबा,शम्भू कुमार राय,दीपक कुमार सिंह तेघरा से कृष्णनंदन सिंह ,सरोज राय, दीपक राय, भवेश कुमार समेत सैकड़ो राम भक्तों की उपस्थिति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## भारत विकास परिषद ने सेवा शिविर का आयोजन कर की राम भक्तों की सहायता

एजेंसी

**नवादा।** भारत विकास परिषद की नवादा शाख ने रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर नवादा लाल चौक पर सेवा शिविर का आयोजन कर जलूस में शामिल रामभक्तों की सहायता की। इस शिविर के माध्यम से रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल एवं मीठा शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष श्री रामचंद्र कुमार सोनी ने



की। उन्होंने कहा कि ऐसे पावन अवसरों पर सेवा कार्य करना ही सच्ची समाज सेवा है। इस दौरान परिषद के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय भूमिका अदा की। शिविर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भारत विकास परिषद के इस सराहनीय प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में शोभा यात्रा में शामिल लोगों को राहत प्रदान करना एवं सेवा भाव को बढ़ावा देना रहा।भारत विकास परिषद प्रत्येक वर्ष रामनवमी शोभा यात्रा में सेवा का कार्य करते आया है और आगे भी सेवा का कार्य करते रहेगा।

# हिमाचल में अचानक बदला मौसम, मनाली-लाहौल घाटी में बर्फबारी शुरू, लौटी ठंड

**40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट**

एजेंसी



**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली और लाहौल घाटी में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है, जिससे अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल समेत लाहौल के कई ऊपरी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। शनिवार देर रात से मनाली के ऊपरी क्षेत्रों और लाहौल घाटी में बारिश हो रही थी, जो सुबह होते-होते ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी में तब्दील हो गई। लाहौल के कोकसर, जिस्पा, दारचा, शिंकुला और बारालाचा -ला सहित रोहतांग टॉप के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई, जिसके चलते घाटी पूरी तरह बर्फ की सफेद चादर से ढकी नजर आई और नजारा मनमोहक नजर आने लगा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक काफी दिनों तक मौसम साफ रहने के बाद आए इस अचानक बदलाव ने घाटी में एक बार फिर ठंड लौट आई है जहां ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है, वहीं मनाली समेत कुल्लू जिले के निचले इलाकों में लगातार बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज आई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में 29 मार्च से 3 अप्रैल तक मौसम खराब रह सकता है। इस दौरान 29 से 31 मार्च और 2-3 अप्रैल को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है, जबकि 1 अप्रैल को ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 29-30 मार्च और 2-3 अप्रैल को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बर्फबारी और खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर सख्त कदम उठाए हैं। दोपहिया वाहनों को सोलंग बैरियर से आगे जाने की अनुमति फिलहाल नहीं दी जा रही है। केवल 4 बाई 4 वाहनों को ही अत्यंत जरुरी स्थिति में आगे जाने की अनुमति दी जा रही है। प्रशासन ने सभी पर्यटकों और आम जनता से अपील की है कि बिना आवश्यकता ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर यात्रा न करें। यदि यात्रा करना जरूरी हो, तो पूरी सावधानी बरतें और मौसम विभाग व प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

## अनियंत्रित होकर कार पलटने से लगी भीषण आग, तीन की जलकर मौत, तीन घायल

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में बैहर-मलाजखंड मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। पलटते ही कार में आग लग गई। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए। मृतकों में एक 3 साल का बच्चा भी है। पुलिस के मुताबिक आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक कार चालक प्रीतम केलकर की पदनी में वेल्डिंग की दुकान है। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी और बच्चे के साथ पोंडी आया था। वह शनिवार देर रात अपने माता पिता को लेकर पदनी लौट रहा था। कार में 8 साल की बच्ची पूर्वी भी थी। शनिवार रात केवलारी चौराहे के पास उनकी ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद कार में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसमें सवार लोगों को कार से बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला। राह चलते लोगों ने किसी तरह कांच तोड़कर पहले पूर्वी को निकाला, उसके बाद वाहन चला रहे प्रीतम केलकर (30) और उसकी मां नानाबाई केलकर (60) को गंभीर अवस्था में निकाला। हादसे की सूचना राह चलते लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले ने बताया कि डायल 112 पर सूचना मिली कि केवलारी चौराहे के पास एक वाहन में आग लग गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। राहगीरों ने किसी तरह तीन लोगों को बाहर निकाला। आग के कारण कार चालक प्रीतम के पिता नगारची केलकर (65), पत्नि सविता केलकर (28), पुत्र अभि केलकर (3) कार के अंदर ही जिंदा जल गए। हादसे की जांच की जा रही है। दुर्घटना संभवतः नींद आने के कारण हुई प्रतीत होती है क्योंकि एक मोड़ के बाद कार सीधे सड़क से नीचे उतर गई और हादसे का शिकार हो गई। कार चला रहा युवक प्रीतम और उसकी मां गंभीर रूप से घायल है। घायलों का अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का एक वीडियो सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि कार में जिंदा जल गए लोगों की डेड बॉडी के अवशेष टुकड़ों में निकाले जा रहे हैं।

## बालेन्द्र सरकार का एक्शन प्लान : राजनीतिक दलों से जुड़े छात्र संगठनों को शिक्षण संस्थानों से पूरी तरह हटाया जाएगा

**काठमांडू।** सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को दलगत राजनीति से पूरी तरह मुक्त रखने के लिए विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के परिसर से दलगत छात्र संगठनों को पूरी तरह से हटाए जाने की घोषणा की है। सरकार ने शासकीय सुधार के 100 बिंदु कार्यसूची के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों में होने वाले राजनीतिक हस्तक्षेप को समाप्त कर छात्रों की वास्तविक आवाज को स्थान देने के उद्देश्य से यह घोषणा की है। सरकार की इस योजना के अनुसार, 60 दिनों के भीतर शैक्षणिक संस्थानों से दलगत आधार पर बने संगठनों के कार्यालय समेत दूसरी संरचनाओं को हटाया जाएगा। इसके साथ ही, छात्रों के अधिकार और भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए आगामी 90 दिनों के भीतर स्टूडेंट काउंसिल या वॉइस ऑफ स्टूडेंट जैसे तंत्र विकसित किए जाएंगे। इसी प्रकार, शिक्षा क्षेत्र के समग्र सुधार के लिए सरकार ने स्नातक स्तर तक पढ़ाई के लिए नागरिकता की अनिवार्यता हटाने तथा विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणाम मंत्रालय द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार समय पर प्रकाशित करने का निर्णय भी लिया है। आगामी शैक्षणिक सत्र से कक्षा 5 तक की आंतरिक परीक्षाओं को समाप्त कर वैकल्पिक मूल्यांकन प्रणाली लागू करने जैसी रणनीतिक योजनाएँ एक साथ आगे बढ़ाई गई हैं। नेपाल सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने बताया कि देशभर में विदेशी नामों से चल रहे शिक्षण संस्थानों को इस वर्ष से अपने विदेशी नाम हटा कर स्थानीय मौलिक नाम रखने का निर्देश दिया गया है।

## अमेरिका ने लड़ाकू विमान व हथियार के साथ 3500 अतिरिक्त सैनिक मध्य पूर्व भेजे



**वाशिंगटन।** अमेरिका के 3500 अतिरिक्त सैनिक मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार इन सैनिकों को यूएसएस त्रिपोली जहाज से भेजा गया है। सभी सैनिक 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान और हथियार भी भेजे गए हैं। अमेरिका ने ईरान पर जमीनी सैन्य अभियान शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक यूएस सेंट्रल कमांड ने शनिवार को घोषणा की कि 3,500 मरीन और नाविकों का टास्क फोर्स शुक्रवार को मध्य पूर्व पहुंच गया है। कमांड ने एक्स पर संक्षिप्त पोस्ट में कहा, यूएसएस त्रिपोली (एलएचए 7) पर सवार यूएस नाविक और मरीन 27 मार्च को कमांड के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में पहुंच गए। पोस्ट में बताया गया कि इन सैनिकों के पास परिवहन, स्ट्राइक फाइटर विमान और एम्फीबियस असॉल्ट व टैक्टिकल संसाधन भी मौजूद हैं। ऑनलाइन अमेरिकी न्यूज पोर्टल वाईनेटन्यूज डॉट ने शनिवार को बताया कि यह ईरान के साथ चल रहे युद्ध से जुड़े यूएस सैन्य विस्तार का हिस्सा है। इसमें ऐसी एम्फीबियस सेनाएं शामिल हैं जो समुद्र-आधारित हमले और जमीनी दोनों तरह के ऑपरेशन करने में सक्षम हैं। ऐसी यूनिट्स का इस्तेमाल आमतौर पर तेजी से तैनाती के लिए किया जाता है, जिसमें रणनीतिक जगहों को सुरक्षित करना, लोगों को निकालना या तटीय लक्ष्यों पर संभावित हमले करना शामिल है। इससे पहले द वॉल स्ट्रीट जनरल ने गुरुवार को बताया कि पेंटागन मध्य पूर्व में 10,000 तक अतिरिक्त जमीनी सैनिकों को तैनात करने पर विचार कर रहा है। रक्षा विभाग के अधिकारियों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सेना में, जिसमें संभवतः पैदल सेना और बख्तरबंद वाहन शामिल होंगे, उन लगभग 5,000 मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के हजारों पैराट्रूपर्स को जोड़ा जाएगा, जिन्हें पहले ही इस क्षेत्र में जाने का आदेश दिया जा चुका है। द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पेंटागन ईरान में लंबे समय तक चलने वाले जमीनी ऑपरेशन की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि हजारों अमेरिकी सैनिक और मरीन मध्य पूर्व में पहुंच रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कह चुकी हैं कि अगर तेहरान का नेतृत्व अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं छोड़ता, अमेरिका और उसके सहयोगियों को धमकाना बंद नहीं करता तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ कहर बरपाने के लिए तैयार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह ने असम चुनाव पर नेताओं से चर्चा की

**गुवाहाटी।** भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार रात असम दौरे के दौरान राज्य भाजपा मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। शाह असम विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार को गति देने के उद्देश्य से शाह राज्य में पहुंचे हैं। यहां पहुंचते ही उन्होंने मध्य गुवाहाटी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इसके साथ ही उन्होंने आर्य विद्यापीठ कॉलेज से नेपाली मंदिर तक आयोजित एक रैली में भी भाग लिया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली के बाद शाह ने राज्य भाजपा कार्यालय में आयोजित अहम बैठक में हिस्सा लिया। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह-प्रभारी दर्शना जरदोश, प्रदेश प्रभारी हरीश द्विवेदी तथा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सांसद प्रदान बरुवा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में चुनाव प्रचार की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी चुनाव में भाजपा गठबंधन की मजबूत जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तय की गई।

### बालेन्द्र शाह को तिब्बत के निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री ने भेजा बधाई संदेश

**काठमांडू।** तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री पेनपा त्सेरिंग ने नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन और तिब्बती जनता की ओर से यह बधाई संदेश भेजा। अपने संदेश में उन्होंने लिखा, हाल ही में संपन्न जेन-जी नेतृत्व वाले आंदोलन के बाद सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री के रूप में आपका उदय नेपाल की जनता, विशेषकर युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं का सशक्त प्रतीक है। पत्र में आगे कहा गया है, नेपाल और तिब्बत के बीच पीढ़ियों से गहरे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंध रहे हैं। तिब्बत के जबरन अधिग्रहण के बाद शरण लेकर नेपाल में बसे तिब्बती समुदाय ने अपनी पहचान बनाए रखते हुए नेपाल की सामाजिक और आर्थिक संरचना में लंबे समय से योगदान दिया है, जिससे ये संबंध और मजबूत हुए हैं। यह सब नेपाल सरकार और नेपाली जनता की उदारता के कारण संभव हुआ है, जिसके लिए हम गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने अंत में कहा, कृपया मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं स्वीकार करें।

### दो उग्रवादी संगठनों के दो कैडर एवं मादक पदार्थ के साथ दो ड्राइवर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए जा रहे अभियानों के दौरान उग्रवादियों की गिरफ्तारी, हथियार एवं गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों की भी लगातार गिरफ्तारी जारी है। इसी कड़ी में दो उग्रवादियों की जहां गिरफ्तारी हुई है, वहीं भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा रविवार को दी गयी आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 28 मार्च को सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन यूपीपीके के एक सक्रिय कैडर खारीबाम बोयनाओ मैतेई उर्फ लमंगकपा (32) को उसके निवास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित को इंफाल पूर्वी जिले के सगोलमांग थानांतर्गत ईशिंगथेम्बी मपाल लीकाई का रहने वाला बताया गया है। वहीं एक अन्य बयान में इसी दिन सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन आरपीएफ/पीएलए के जबरन वसूली में शामिल एक सक्रिय कैडर थोकचोम खेलजीत मैतेई उर्फ कैनी (48) को इंफाल पूर्वी जिले पोरोम्पैट थानांतर्गत हप्ता कांगजीबुंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपित इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल थानांतर्गत नाओरेमथोंग खुमानथेम लीकाई का निवासी बताया गया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

# सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान का बड़ा हमला, अमेरिकी जासूसी विमान तबाह

एजेंसी




**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध अब पांचवें सप्ताह में पहुंच गया है। रविवार को सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान की तरफ से किए गए मिसाइल और ड्रोन के बड़े हमले में अमेरिकी वायुसेना का अत्याधुनिक ई-3जी सेंट्री अवाक्स विमान पूरी तरह नष्ट हो गया। आईआरजीसी ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने अमेरिकी ईंधन भरने और हवाई सहायता बेड़े को निशाना बनाया, जिसमें कई बड़े सैन्य विमान नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से बताया कि ईरान ने सऊदी अरब में एक बेस को निशाना बनाकर किए गए संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमलों में एक अमेरिकी ई-3 एडब्ल्यूएसीएस जासूसी विमान को नष्ट कर दिया है। विश्लेषण में सामने आया है कि हमला बेहद सटीक था और विमान के सबसे अहम हिस्से रडार डोम को निशाना बनाया गया। यह वही भाग होता है जिसमें एएन/एपीवाई-2 सर्विलांस रडार सिस्टम लगा होता है, जो विमान की मुख्य ऑपरेशनल क्षमता का केंद्र है। तस्वीरों में विमान के पिछले हिस्से में भारी संरचनात्मक क्षति देखी गई है। यह विमान हाल ही में ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत इस बेस पर तैनात किया गया था और अमेरिकी वायुसेना की 552वीं एयर कंट्रोल विंग का हिस्सा था। इस घटना के बाद अमेरिकी ए-3 बेड़े में विमानों की संख्या 16 से घटकर 15 रह गई है।

अन्य मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, हमले में छह बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 हथियारों से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। इस हमले में कम से कम 15 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सऊदी अरब के अल खर्ज बेस पर ईंधन भरने वाले विमानों पर पहले किए गए हमलों के बाद, आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा किए गए संयुक्त मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, एक ई-3 विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया। इस विमान को आमतौर पर अवाक्स के नाम से जाना जाता है और इसका उपयोग हवाई निगरानी, कमांड और नियंत्रण के लिए किया जाता है। आईआरजीसी ने आगे कहा कि जिस विमान को निशाना बनाया गया था वह पूरी तरह से नष्ट हो गया और इस ऑपरेशन के दौरान पास में खड़े अन्य विमानों को भी काफी नुकसान पहुंचा।

### ईरानी मीडिया की अमेरिका को सख्त चेतावनी, फ्रंट पेज पर लिखा - नरक में स्वागत है


TEHRAN TIMES

Welcome to Hell

US troops who step foot on Iranian soil will leave only in a coffin

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरानी मीडिया ने कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका को सीधी चेतावनी दी है। तेहरान टाइम्स ने अपने फ्रंट पेज पर नरक में स्वागत है शीर्षक के साथ एक तीखा संदेश प्रकाशित किया, जिसमें कहा गया है कि अगर अमेरिकी सेना ईरान की जमीन पर कदम रखती है, तो वह ताबूत में ही वापस जाएगी। यह बयान ऐसे समय सामने आया है जब खबरें हैं कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप संभावित जमीनी कार्रवाई (ग्राउंड ऑपरेशन) के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, हालांकि इस पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

## बांग्लादेश : शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप को 8 अप्रैल को अदालत में पेश होने का नोटिस

एजेंसी




**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी ट्यूलिप रिजवाना सिद्दिकी समेत दो आरोपितों को 8 अप्रैल को पेश होने का निर्देश दिया है। ट्यूलिप लंदन में रहती हैं और ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। उनके खिफाल गुलशन में कथित फ्लैट धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस मामले में राजुक के पूर्व सहायक कानूनी सलाहकार सरदार मोशर्रफ हुसैन भी आरोपित हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ढाका मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल जज मोहम्मद शब्बीर फैज की अदालत ने रविवार को यह आदेश जारी किया। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अभियोजन प्रभाग के सहायक निदेशक (सामान्य) अमीनुल इस्लाम ने इसकी पुष्टि की। इस्लाम के अनुसार, बांग्लादेश सरकारी प्रिंटिंग प्रेस (बीजी प्रेस) ने 8 मार्च को एक नोटिस जारी कर आरोपितों को अदालत के सामने पेश होने के लिए कहा था। ईद की छुट्टियों के कारण गजट समय पर प्रकाशित नहीं हो सका, जिसके कारण अदालत को दोबारा तारीख तय करनी पड़ी। इससे पहले, 18 फरवरी को अदालत ने ट्यूलिप और सरदार मोशर्रफ हुसैन के खिलाफ दायर आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पिछले साल 15 अप्रैल को ट्यूलिप के साथ राजुक के पूर्व सहायक कानूनी सलाहकार शाह मोहम्मद खसरुज्जमां और सरदार मोशर्रफ हुसैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इस मामले में उन पर गुलशन-2 में ईस्टर्न हाउसिंग लिमिटेड के स्वामित्व वाले एक फ्लैट पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले के सामने आने के बाद शाह मोहम्मद खसरुज्जमां ने जुलाई में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसके बाद उनके खिलाफ चल रही जांच पर तीन महीने के लिए रोक लगा दी गई। बाद में भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने चैंबर कोर्ट का रुख किया, लेकिन उसे वहां से कोई राहत नहीं मिली।

## पाकिस्तान से संघर्ष खत्म करने के लिए अफगानिस्तान बातचीत को तैयार

**काबुल।** अफगानिस्तान के विदेशमंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दों को बातचीत और आपसी समझ के जरिए हल करने का इच्छुक है। अफगान विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, मुत्ताकी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री अब्दुल्ला बिन जायेद अल



नाहयान के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस चर्चा में द्विपक्षीय संबंध, अफगानिस्तान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच चल रहे मुद्दे, क्षेत्रीय स्थिति और अफगानिस्तान-पाकिस्तान संबंधों में हाल के घटनाक्रम शामिल रहे। मुत्ताकी ने एक अमेरिकी कैदी की रिहाई सुनिश्चित करने में सफल मध्यस्थता के लिए संयुक्त अरब अमीरात का आभार भी व्यक्त किया और कूटनीतिक जुड़ाव के माध्यम से मुद्दों को हल करने के प्रति अफगानिस्तान की प्रतिबद्धता को दोहराया। अफगान विदेशमंत्री ने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल से जुड़े संघर्ष की आलोचना की और चेतावनी दी कि इस तरह के घटनाक्रम क्षेत्रीय स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में युद्ध के बढ़ने को चिंताजनक और निंदनीय बताया और यूएई के धैर्य और कूटनीतिक दृष्टिकोण की प्रशंसा की। पाकिस्तान के साथ संबंधों के संबंध में मुत्ताकी ने इस बात पर जोर दिया कि अफगानिस्तान एक पड़ोसी देश के रूप में चाहता है कि सभी विवाद शांतिपूर्ण बातचीत के माध्यम से सुलझाए जाएं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अफगान क्षेत्र का उपयोग पाकिस्तान के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा। इस संबंध में पहले ही गंभीर कदम उठाए जा चुके हैं।

# अमेरिका में ट्रंप का भारी विरोध : लाखों लोग सड़कों पर उतरे, कहा- नो किंग्स तत्काल जंग रोकें

एजेंसी




**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के 30वें दिन प्रवेश करने के साथ ही इसके प्रभाव अब सात समंदर पार अमेरिका की सड़कों पर साफ दिखाई देने लगे हैं। शनिवार को अमेरिका के तमाम छोटे-बड़े शहरों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान नीति और युद्ध के खिलाफ नो किंग्स विरोध प्रदर्शनों की तीसरी लहर देखी गई। लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध को तुरंत रोकने, बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाने और प्रशासन की कठोर नीतियों में बदलाव की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है जब ईरान और इजरायल के बीच मिसाइलों और ड्रोनों का हमला तेज हो गया है, जिससे खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस युद्ध की तपिश ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है, बल्कि अमेरिका के भीतर भी विभाजन और असंतोष की रेखाएं खींच दी हैं। प्रदर्शनों में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही विचारधारा वाले राज्यों के नागरिकों ने एकजुट होकर हिस्सा लिया, जो इस आंदोलन की व्यापकता को दर्शाता है।

न्यूयॉर्क के मिडटाउन मैनहटन से लेकर सैन फ्रांसिस्को के सिविक सेंटर तक, प्रदर्शनकारियों ने तख्तियों, नारों और गीतों के माध्यम से अपना विरोध दर्ज कराया।

जहां एक ओर मैनहटन में लोग ट्रंप प्रशासन की आप्रवासन नीतियों और ईरान संघर्ष के विरुद्ध मार्च कर रहे थे, वहीं सैन फ्रांसिस्को में प्रदर्शनकारियों ने यूक्रेन के समर्थन और मानवाधिकारों के लिए आवाज उठाई। सेंट पॉल, मिनेसोटा में आयोजित एक विशाल रैली ने इस आंदोलन को और मजबूती दी, जहां प्रसिद्ध रॉक कलाकार ब्रूस स्प्रिंगस्टीन ने अपनी प्रस्तुति से लोगों में उत्साह भरा। इस दौरान उन्होंने हाल ही में फेडरल इमिग्रेशन एजेंट्स की कार्रवाई में जान गंवाने वाले एलेक्स प्रेट्टी और रिनी गुड को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

# चुनावों में जमकर बंट रहीं मुफ्त की रेबड़ियां

**महिलाओं के खाते में सीधे 24,500 करोड़ रुपये होंगे जमा**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नेताओं ने वोट खरीदने का एक आसान और सरल रास्ता अपना लिया है। ये बात कोई और नहीं बल्कि आम आदमी कहता सुना जा रहा है। इस बार के चुनावों में राज्यों में होड़ लगी हुई है मुफ्त में रेबड़ियां बांटने की। नतीजा आम आदमी की जेब से निकलकर सीधे साढ़े 24 सौ करोड़ रुपए महिलाओं को बांट दिए जाएंगे। ताकि उन्हे वोट मिले और सत्ता पर काबिज हो जाएं। 5 राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने सत्ता की चाबी हासिल करने के लिए कैश ट्रांसफर यानी सीधे नकद सहायता को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। एक विश्लेषण के अनुसार, चुनावी राज्यों में चार प्रमुख सरकारें महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 24,500 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर रही हैं।

इन दलों का चुनावी वादा भी यही है कि यदि वे दोबारा सत्ता में आते हैं, तो अगले पांच वर्षों तक यह वित्तीय सहायता निर्बाध रूप से जारी रहेगी। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो इन चार राज्यों में कुल 17.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 4.1 करोड़ महिलाएं इन नकद योजनाओं की सीधी लाभार्थी हैं। यानी कुल वोटरों का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा सीधे तौर पर इन योजनाओं से जुड़ा है। विभिन्न राज्यों में इस नकद राजनीति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ सरकार ने स्पेशल समर पैकेज के नाम पर महिलाओं के खातों में 2-2 हजार रुपये डाल दिए हैं। वहीं, असम में बिहू उत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं को 4-4 हजार रुपये की सहायता दी गई है। केरल की वामपंथी सरकार स्त्री सुखम नकद योजना के जरिए करीब 10 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है।

## स्टोक्स मई के बाद कर सकेंगे वापसी, ट्रेनिंग सेशन में हुए घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने पुष्टि की है कि गाल की हड्डी में चोट से जुड़ी दिक्कतों के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी मई तक टल गई है। 34 वर्षीय ऑलराउंडर जिन्हें फरवरी की शुरुआत में डरहम अकादमी के खिलाड़ियों के साथ एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान गेंद लग गई थी, ने एक हफ्ते बाद टूटी हुई गाल की हड्डी को ठीक करवाने के लिए सर्जरी करवाई थी। स्टोक्स ने असल में इस शुक्रवार को



केंट के खिलाफ डरहम के काउंटी चैंपियनशिप के शुरुआती मैच में वापसी करने की योजना बनाई थी। हालांकि क्लब अभी भी विशेषज्ञों से अंतिम मेडिकल मंजूरी का इंतजार कर रहा है। डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने संकेत दिया कि स्टोक्स शायद 8 मई को वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ और फिर 15 मई को बेकेनहम में केंट के खिलाफ होने वाले मैचों तक नहीं खेल पाएंगे। अगर स्टोक्स तब तक वापसी नहीं कर पाते हैं, तो ये मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के गर्मियों के पहले टेस्ट से पहले उनके लिए एकमात्र रेड-बॉल मैच हो सकते हैं; यह टेस्ट 4 जून से शुरू होगा। कैंपबेल ने इस चोट को एक 'बाल-बाल बचने' वाला मामला बताया। उन्होंने कहा, '(यह घटना) बहुत भयानक हो सकती थी। जितना आप सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा बुरा। बस कुछ सेंटीमीटर का फर्क, अगर गेंद थोड़ी अलग तरह से उनकी आंख पर लगती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। गेंद बहुत जोर से लगी थी। हम बस खुशकिस्मत हैं कि वह इससे बच निकले।' इंग्लैंड के निराशाजनक एशेज अभियान के बाद से स्टोक्स ने कोई मैच नहीं खेला है; इस अभियान के दौरान उन्हें एडक्टर (जांघ की मांसपेशी) में चोट लग गई थी, जो उन्हें सिडनी में खेले गए टेस्ट मैच में लगी थी। सीरीज हारने के बावजूद स्टोक्स इंग्लैंड के कप्तान बने हुए हैं और कोच ब्रेंडन मैकुलम तथा मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की दोनों ही अपने-अपने पदों पर बने हुए हैं।

## वांगसू ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेस' में जीता गोल्ड

**रायपुर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश की 21 साल की वेटलिफ्टर अनाई वांगसू को पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में हिस्सा लेने से कुछ दिन पहले पेट की पुरानी समस्या के चलते अस्पताल में



भर्ती होना पड़ा था। उन्हें कमजोरी दूर करने और ताकत पाने के लिए आईवी फ्लूइड्स (नसों के जरिए तरल पदार्थ) दिए गए। हालांकि, बीमारी भी उनका हौसला नहीं तोड़ सकी। छत्तसीगढ़ में महिलाओं के 58 किलो वर्ग में अनाई ने गोल्ड मेडल जीता है। अनाई वांगसू 2019 से पेट की समस्या से जूझ रही हैं, जिसमें अचानक कमजोरी, थकान और डिहाइड्रेशन हो जाता है। वेटलिफ्टिंग जैसे खेल में ताकत और संतुलन बहुत जरूरी होते हैं। 'साई मीडिया' से बातचीत में अनाई ने कहा, 'मैंने पहले ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल जीते थे। परिवार के लोग हर बार पूछते थे कि मैं गोल्ड कब जीतूंगी। अब मैं गोल्ड जीतकर खुश हूं और परिवार भी बहुत खुश है।' अनाई ने पहले यूथ नेशनल गेम्स में दो ब्रॉन्ज मेडल और अलग-अलग 'खेलो इंडिया गेम्स' में सिल्वर मेडल जीते थे, लेकिन गोल्ड हमेशा उनसे दूर रहा। पिछले साल राजस्थान में आयोजित 'ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी नेशनल गेम्स' में वे सिर्फ एक लिफ्ट से गोल्ड से चूक गई थीं। उस पल का दर्द आज भी उनके जहन में ताजा है। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा, 'उस दिन मैं बहुत रोई थी। मुझे ऐसा लगा था कि मेरी सारी मेहनत बेकार चली गई।

## आईपीएल 2026 : मुंबई ने तोड़ा ओपनिंग हार का सिलसिला

# रोहित-रिकेल्टन के तूफानी अर्धशतक से केकेआर को हराया







एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस (एमआई) ने आईपीएल 2026 के दूसरे मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 6 विकेट से हराकर सीजन के पहले मैच में जीत हासिल करने का 13 साल पुराना सूखा खत्म कर दिया। इस जीत के नायक रहे रोहित शर्मा और रयान रिकल्टन, जिन्होंने शानदार अर्धशतक जड़ते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 19.1 ओवर में 4 विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने पुरानी लय में लौटते हुए 38 गेंदों पर 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने महज 23 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जो उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज पचासा रहा। रोहित ने अपनी पारी में 6 चौके और 6 छक्के जड़े और टीम को तूफानी शुरूआत दिलाई। वहीं, रिकेल्टन ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 43 गेंदों पर 81 रन बनाए। उन्होंने 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 148 रनों की साझेदारी कर मैच लगभग एकतरफा कर दिया। मुंबई की पारी में अंत में कप्तान हार्दिक पांड्या ने नाबाद 18 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले, केकेआर ने कप्तान अजिंक्य रहाणे (67) और अंगकृष रघुवंशी (51) के अर्धशतकों की बदौलत बड़ा स्कोर खड़ा किया था। हालांकि, शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी (3/39) ने केकेआर की रफ्तार को थामने में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने न सिर्फ टूनार्मेंट में शानदार शुरूआत की, बल्कि लंबे समय से चले आ रहे पहले मैच में हार के सिलसिले को भी खत्म कर दिया।



# अरिना ने जीता मियामी ओपन खिताब

## विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया

**मियामी, एजेंसी।** विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी अरिना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन का खिताब बचा लिया है। सबालेंका ने फाइनल में कोको गॉफ को हराया।अरिना सबालेंका ने मियामी ओपन के खिताब को अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मुकाबले में विश्व के चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। इगा स्वियातेक के बाद सबालेंका 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। यह उनका लगातार दूसरा मियामी ओपन खिताब है। इससे पहले एश्ले बार्टी (2019 और 2021) और सेरेना विलियम्स (2013 से 2015) ही लगातार यह टूर्नामेंट जीत पाई थीं। इस तरह सबालेंका ने दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह बना ली है। सबालेंका एक ही सीजन में इंडियन वेल्स और मियामी में सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका से पहले स्टेफी ग्राफ, किम क्लिस्टर्स, विक्टोरिया अजारेंका और इगा स्वियाटेक यह कारनामा कर चुकी हैं। सबालेंका 2000 के बाद से चौथी खिलाड़ी हैं जो साल के अपने पहले चार टूर्नामेंट (मार्टिना हिंगिस, 2001, सेरेना विलियम्स, 2003, और विक्टोरिया अजारेंका, 2012) के फाइनल में पहुंची हैं। ये सभी टूर्नामेंट हार्ड कोर्ट पर हुए हैं। उन्होंने इनमें से तीन जीते, जिसमें ब्रिस्बेन और सनशाइन डबल शामिल हैं। खिताब जीतने के बाद सबालेंका ने कहा, यह खिताब काफी खास है। मेरा लक्ष्य हमेशा इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना रहा है और मैंने बस वही किया। यह सुनने में बहुत अजीब लगता है। मुझे नहीं पता कि मैं यह कैसे कर पाई, लेकिन अभी मुझे बहुत गर्व है। बेशक, इस खूबसूरत ट्रॉफी से बहुत खुश हूं।

### नंबर पर स्थिति मजबूत की

यह जीत उनके करियर का 24वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब और कुल मिलाकर 30वां खिताब है जिसमें छह युगल खिताब भी शामिल हैं। इनमें चार ग्रैंडस्लैम एकल खिताब, दो डबल्स, 11 डब्ल्यूटीए 1000 सिंगल्स टाइटल और दो डबल्स खिताब शामिल हैं। सबालेंका लंबे समय से दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी हुई हैं और अब उनकी यह स्थिति और मजबूत हो गई है। सबालेंका ने अब तक विश्व नंबर एक खिलाड़ी के रूप में कुल 83 हफ्ते बिताए हैं। इसमें उनका मौजूदा शानदार दौर भी शामिल है जो लगातार 75 हफ्तों तक पहुंच चुका है। सोमवार को वह लगातार 76वें हफ्ते के लिए नंबर एक बनी रहेंगी। इसके साथ ही वह इगा स्वियातेक के सबसे लंबे नंबर एक रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगी। हालांकि, उनसे आगे अभी एश्ले बार्टी हैं, जिन्होंने सितंबर 2019 से मार्च 2022 तक लगातार 114 हफ्तों तक नंबर 1 की कुर्सी संभाली थी। उस दौरान कोविड-19 महामारी की वजह से रैंकिंग कुछ समय के लिए रुकी भी थी।

## मेजर लीग क्रिकेट में खेलने वाले पहले पूर्व भारतीय खिलाड़ी होंगे अश्विन



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को अलविदा कहते समय दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दुनिया के अन्य लीग में खेलने का अपना विकल्प खुला रखा था। वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में चोट की वजह से नहीं खेल सके थे, लेकिन अब वह अमेरिका में खेली जाने वाली मेजर लीग क्रिकेट (एसएलसी) में खेलने वाले पहले भारतीय बनेंगे। रविचंद्रन अश्विन ने मेजर लीग क्रिकेट 2026 के लिए सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ करार किया है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के साथ करार के बाद अश्विन ने कहा, एमएलसी ने हाल के सीजन में खुद को एक बेहतरीन लीग के रूप में स्थापित किया है। लीग में विश्व स्तरीय खिलाड़ी आते हैं। इससे अमेरिका के घरेलू क्रिकेट प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स का हिस्सा बनने का मौका ऐसा था जिसे मैं हाथ से जाने नहीं दे सकता था। मेजर लीग क्रिकेट में खेलने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी के तौर पर यह जिम्मेदारी उठाना एक बड़ी बात है, जिसे मैं पूरी तरह से स्वीकार करता हूं। मेरा पूरा ध्यान इस फ्रेंचाइजी को मैच जिताने और उसकी पहली चैंपियनशिप जीतने में मदद करने पर है।सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के मुख्य कोच कैमरन व्हाइट ने कहा, हम अश्विन जैसे खिलाड़ी का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं। जब आप मैच जिताने वाले खिलाड़ियों और क्रिकेट की समझ की बात करते हैं तो दुनिया भर में उनका नाम इस सूची में सबसे ऊपर आता है। पहले भारतीय खिलाड़ी को टीम में शामिल करना हमारी फ्रेंचाइजी और पूरे एमएलसी के लिए एक बहुत बड़ा पल है, लेकिन सबसे पहले और सबसे जरूरी बात यह है कि वह हमें मैच जिताने में मदद करने के लिए टीम में शामिल हो रहे हैं।



## बतौर डेब्यू कप्तान ईशान किशन ने किया कमाल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच आईपीएल 2026 का पहला मुकाबला शनिवार को एम. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में खेला है। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 80 रनों की दमदार पारी खेली। ईशान बतौर कप्तान डेब्यू करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ईशान ने मनीष पांडे के रिकॉर्ड को तोड़ा है। मनीष ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से कप्तान के तौर पर अपने डेब्यू मुकाबले में साल 2021 में 41 गेंदों पर 69 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं, डेविड वॉर्नर ने 2015 में 42 गेंदों में 53 रन बनाए थे। हालांकि, ईशान इन दोनों ही बल्लेबाजों से आगे निकल गए हैं। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान ने 210 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 80 रनों की अपनी पारी में 8 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के लगाए। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद ईशान ने एसआरएच की लड़खड़ाती हुई पारी को बखूबी अंदाज में संभाला। ईशान ने हेनरिक क्लासन के साथ मिलकर 97 रनों की अहम साझेदारी निभाई। बाएं हाथ के बल्लेबाज के आगे आरसीबी का गेंदबाजी अटैक पूरी तरह से बेबस नजर आया। ईशान ने आईपीएल में 3 हजार रन भी पूरे कर लिए हैं। गेंदों के लिहाज से ईशान सबसे तेज 3 हजार रन पूरे करने वाले छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में केएल राहुल को पीछे छोड़ दिया है। राहुल ने आईपीएल में 3 हजार रन 2203 गेंदों में पूरे किए थे। वहीं, ईशान ने यह मुकाम 2,180 गेंदें खेलने के बाद पूरा किया है। ईशान के अलावा क्लासन ने 22 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। हालांकि, अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड का बल्ला आईपीएल 2026 के पहले मैच में पूरी तरह से खामोश रहा। अभिषेक संघर्ष करते हुए नजर आए और वह 8 गेंदों में 7 रन ही बना सके। वहीं, हेड 9 गेंदों का सामना करने के बाद 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, नीतीश कुमार रेड्डी ने भी अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह एक रन ही बना सके। अंतिम ओवरों में अनिकेत वर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 18 गेंदों में 43 रनों की दमदार पारी खेली, जिसके दम पर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 9 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 201 रन लगाने में सफल रही।

## एलपीजी सिलेंडर नई कीमतें जारी, या फिर से बढ़ गए दाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इसी महीने की शुरुआत में इजाफा किया गया था। तब 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया था। वहीं, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव तब 144 रुपये बढ़ा दिया गया था। युद्ध की वजह से भारत को एलपीजी इंपोर्ट करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। भारत 60 प्रतिशत एलपीजी खाड़ी के देशों से मंगाता है। लेकिन युद्ध ने इस रास्ते को प्रभावित कर दिया है। जिसकी वजह से देश के सामने नया संकट खड़ा हो गया है।



आइए जानते हैं कि मौजूदा स्थितियों में क्या एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव हुआ है या नहीं आपके शहर में क्या रेट है केंद्र सराकर ने साफ किया कि उनके पास पेट्रोल और डीजल की 60 दिन की स्टोरेज है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी देश में नहीं है। ऐसे में किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का भी निर्देश दिया है। पिछले दिनों एक बार फिर से राज्यों का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया। केंद्र सरकार की तरफ से पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति पर पैनी नजर रखी जा रही है। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में इसी महीने की शुरुआत में इजाफा किया गया था। तब 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया था। वहीं, कॉमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव तब 144 रुपये बढ़ा दिया गया था। इसके बाद से आजतक कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। पिछले कुछ दिनों से एलपीजी सिलेंडर की पैनिक बुकिंग में भी गिरावट आई है। जिसकी वजह से अब गैस एजेंसियों के सामने कम भीड़ लग रही है।

## रेलवे से जुड़ी कंपनी के शेयर में अचानक बड़ा उछाल, 75 रुपये से कम है भाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** वैसे तो शुक्रवार को शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई लेकिन कुछ शेयर रॉकेट की तरह बढ़े। ऐसा ही शेयर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन और ओएचई प्रोजेक्ट्स में काम करने वाली माइक्रो-कैप कंपनी रेलवे इंफ्रा लिमिटेड है। इस कंपनी के शेयरों में शुक्रवार को जोरदार उछाल देखने को मिला। कंपनी के शेयर ने हस्श्व पर लिस्टिंग के बाद 19 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की। रेलवे इंफ्रा लिमिटेड के शेयर की बात करें तो शुक्रवार को 61.94 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 73.50 रुपये तक गया। शेयर के 52 हफ्ते का हाई और लो क्रमशः 119.91 रुपये और 55.40 रुपये है। बता दें कि बीते 24 मार्च को ही शेयर ने अपने 52 हफ्ते के लो को टच किया है। कंपनी को हाल ही में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर अपने सिक्योरिटीज लिस्ट करने की मंजूरी मिली थी और 27 मार्च 2026 से इसके शेयरों में ट्रेडिंग शुरू हुई। विशेषज्ञों के मुताबिक, लिस्टिंग से कंपनी को बेहतर विजिबिलिटी, लिक्विडिटी और बड़े निवेशकों की भागीदारी का फायदा मिलेगा।

# 8वें वेतन आयोग से इनकम टैक्स रिटर्न तक 31 मार्च को खत्म हो जाएगी ये डेडलाइन

### एक अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की होने वाली है शुरुआत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 31 मार्च को खत्म हो रहे फाइनेंशियल ईयर में कुछ जरूरी काम निपटा लेने होंगे। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि कई ऐसी डेडलाइन हैं जो 31 मार्च को पूरी हो रही हैं। इनमें इनकम टैक्स और इन्वेस्टमेंट से जुड़ी डेडलाइन भी शामिल हैं। आइए डिटेल जान लेते हैं। एक अप्रैल से नए फाइनेंशियल ईयर की शुरुआत होने वाली है। इससे पहले, 31 मार्च को खत्म हो रहे फाइनेंशियल ईयर में कुछ जरूरी काम निपटा लेने होंगे। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि कई ऐसी डेडलाइन हैं जो 31 मार्च को पूरी हो रही हैं। इनमें इनकम टैक्स और इन्वेस्टमेंट से जुड़ी डेडलाइन भी शामिल हैं। 8वें वेतन आयोग ने वेतन, भत्तों और पेंशन से संबंधित सुधारों के लिए सुझाव और राय आमंत्रित किए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तय की गई है। यह डेडलाइन केंद्र सरकार के कर्मचारियों, पेंशनर्स और विभिन्न हितधारकों के लिए है।



### देना होगा अतिरित इनकम टै स

हालांकि, यह ध्यान रखें कि फाइल करने के लिए आपको पेनल्टी और ब्याज के तौर पर अतिरिक्त इनकम टैक्स देना होगा और जरिए टैक्स रिफंड का कोई दावा नहीं किया जा सकता। पहले आईटीआर का इस्तेमाल पिछले दो सालों की गलतियों को सुधारने के लिए किया जा सकता था लेकिन बजट 2025 में, इस समयसीमा को बढ़ाकर पिछले चार सालों तक कर दिया गया है। अगर आप रिटर्न सही समय पर भरने या सही डेटा देने से चूक गए हैं तो समझदारी इसी में है कि आप अभी अतिरिक्त टैक्स का भुगतान करें और फाइल कर दें। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप अभी फाइल नहीं करते हैं।

### धारा 80 सी के तहत टै स बचाने का आखिरी मौका

पुराने टैक्स सिस्टम को मानने वाले टैक्सपेयर्स के लिए 31 मार्च निवेश करने का आखिरी मौका है। पब्लिक प्रोविडेंट फंड, सुकन्या समृद्धि योजना और नेशनल पेंशन सिस्टम जैसे विकल्पों में योगदान 31 मार्च से पहले पूरा कर लेना चाहिए। आप मौजूदा फाइनेंशियल ईयर के लिए कीमती टैक्स छूट से चूक जाएं। नया वित्तीय वर्ष शुरू होने से पहले यह आवेदन कर लेना चाहिए। इससे अप्रैल 2026 से ही डिडक्टर सही दर पर काट सकेंगे। हालांकि यह अनिवार्य नहीं है लेकिन प्लानिंग के लिए बहुत उपयोगी है। वितीय वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) का रिटर्न जमा करने की अंतिम तारीख 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है।

## लोन से जमा पैसे तक में लापरवाही, आरबीआई ने तीन सरकारी बैंकों पर लिया बड़ा एक्शन




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अलग-अलग नियमों और दिशा-निदेशों के उल्लंघन के कारण तीन सार्वजनिक बैंकों पर कुल दो करोड़ 17 लाख 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 95.40 लाख रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 63.60 लाख रुपये, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये जुमार्ना लगाया गया है। इसके अलावा फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स पर भी तीन लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरबीआई के मुताबिक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग की समुचित व्यवस्था न करने और परिसंपत्ति वर्गीकरण तंत्र में मानवीय हस्तक्षेप करने के लिए 95.40 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने पाया कि बैंक ने धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्टिंग के लिए ग्राहकों को अलग-अलग चैनलों पर 24 घंटे रिपोर्टिंग की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई। इसके अलावा, बैंक ऑफ इंडिया पर 58.50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। बैंक पर प्राथमिक सेक्टर को लोन देने और जमा पर ब्याज संबंधी नियमों के उल्लंघन का आरोप है। सर्विस चार्ज, निरीक्षण शुल्क और प्रोसेसिंग चार्ज वसूले थे। इसके अलावा बैंक ने सावधि जमा खातों पर मैच्योरिटी की तारीख से पैसे ग्राहकों को देने की तारीख तक के लिए ब्याज भुगतान नहीं किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर केवाईसी और बुनियादी बचत बैंक जमा खाता संबंधी नियमों के उल्लंघन के कारण 63.60 लाख का जुमार्ना लगा है। वह तय समय सीमा के भीतर केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री में कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड अपडेट करने में विफल रहा था। इसके अलावा बैंक को कुछ ग्राहकों के एक से अधिक बुनियादी बचत बैंक जमा खाता खोलने का भी दोषी पाया गया। केंद्रीय बैंक ने पाइन लैब्स को प्रीपेड भुगतान तंत्र संबंधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया और उस पर तीन लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि तीन सार्वजनिक बैंकों और पाइन लैब्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लिखित जवाब और मौखिक सुनवाई में दिये गये जवाब असंतोषजनक पाए जाने के बाद जुमार्ने की कार्रवाई की गई है।

# एक अप्रैल से रूस दूसरे देशों को नहीं बेचेगा गैसोलीन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को रूस ने गैसोलीन के एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध लगा दिया। रूस की सरकार की तरफ से 28 मार्च को इसकी जानकारी दी गई है। रूसी सरकार ने कहा कि घरेलू स्तर पर आपूर्ति बनी रहे और कीमतों को स्थिर रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। पुतिन की अगुवाई वाली सरकार ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब ईरान युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। क्रूड ऑयल का रेट लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा सप्लाई चेन भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। यह नया फैसला 1 अप्रैल 2026



से लागू हो जाएगा। लोकल मीडिया क्ष्रस्-की रिपोर्ट के अनुसार 31 जुलाई 2026 तक यानी अगले 4 महीने प्रतिबंध लगे रहने की संभावना है। रूस के उर्जा मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि तेल की रिफाइनिंग दरें मार्च 2025 के स्तर पर बनी हुई हैं। देश की डिमांड के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में गैसोलीन और डीजल का भंडारण है। सभी रिफाइनरी अपनी क्षमता पर काम कर रही हैं। रूस के उप प्रधानंत्री एलेक्जेंडर नोवाक की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, 'मौजूदा मिडिल ईस्ट क्राइसिस की वजह से वैश्विक स्तर पर तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स का भाव काफी बढ़ा हुआ है।' बता दें, प्रतिबंध का फैसला नोवाक की अगुवाई में हुई मीटिंग के बाद लिया गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार रूस प्रति दिन 100000 बैरल गैसोलीन एक्सपोर्ट करता है। पिछले साल खबर आई थी की रूस के कई हिस्सों में गैसोलीन की कमी हो गई है।

# एसबीआई के पूर्व एमडी बने इंडसइंड बैंक के पार्ट-टाइम चेयरमैन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बसु के पास बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का अनुभव है। इंडसइंड बैंक में अपनी नियुक्ति से पहले बसु ने एचडीएफसी बैंक की नॉन-बैंक लेंडिंग शाखा, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर काम किया था। प्राइवेट सेक्टर के दिग्गज इंडसइंड बैंक के मैनेजमेंट में एक बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल, पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अरिजीत बसु को शेयरहोल्डर्स की मंजूरी के बाद इंडसइंड बैंक का पार्ट-टाइम चेयरमैन




नियुक्त किया गया है। बसु के पास बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर का अनुभव है। इंडसइंड बैंक में अपनी नियुक्ति से पहले बसु ने एचडीएफसी बैंक की नॉन-बैंक लेंडिंग शाखा, फाइनेंशियल सर्विसेज के बोर्ड के चेयरमैन के तौर पर काम किया था। बसु का एसबीआई के साथ एक शानदार करियर रहा है। मैनेजिंग डायरेक्टर के तौर पर रिटायर हुए थे। इससे पहले, अरिजीत बसु ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के तौर पर भी काम किया था। वर्तमान में वे हॉस्पिटैक्स एंड हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के अलावा क्लीनमैक्स एनर्जी के बोर्ड में एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं।

### इंडसइंड बैंक ने शुरू की कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम

इस बीच, बीते गुरुवार को ही इंडसइंड बैंक ने कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम की शुरुआत की, जिसके तहत ग्राहक री-इन्वेस्टमेंट तक कैपिटल गेन अकाउंट को जमा रख सकते हैं और इस दौरान आयकर कानून के तहत टैक्स छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना पूंजीगत लाभ को री-इन्वेस्टमेंट तक सुरक्षित और नियमों के अनुरूप रखने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे ग्राहक निर्धारित वैधानिक समय सीमा के भीतर सोच-समझकर उस पूंजी को दोबारा निवेश करने के बारे में निर्णय ले सकेंगे। बता दें कि यह योजना केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से अनुमति मिलने के बाद पेश की गई है। बोर्ड ने इंडसइंड बैंक को पूंजीगत लाभ योजना, 1988 के अंतर्गत जमा स्वीकार करने की अनुमति दी है। कैपिटल गेन अकाउंट स्कीम के तहत इंडसइंड बैंक दो प्रकार के खाते प्रदान करता है - बचत खाता और सावधि जमा खाता। ग्राहक अपनी जरूरत के अनुसार, खाते का चयन कर सकते हैं।

## भारतीय निवेशकों को बहुत महंगा पड़ रहा ईरान युद्ध एक महीने में गंवा चुके हैं 41 लाख करोड़ रुपये

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईरान युद्ध को एक महीना हो चुका है और इस दौरान भारतीय निवेशकों को भारी चपत लगी है। 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका/इजरायल के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से सेंसेक्स में 7,700 अंक से अधिक यानी करीब 9.5 फीसदी गिरावट आई है। इससे निवेशकों को 41.4 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। एनएसडीएल और बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में 1.1 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। 27 फरवरी को सेंसेक्स 81,287 अंक पर था जबकि 27 मार्च को यह 73,583 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों का पिछले एक महीने का लेखा-जोखा देखें तो इस दौरान टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.2 फीसदी तेजी आई है जबकि सन फार्मा का शेयर 1.7 फीसदी चढ़ा है। दूसरी ओर देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी के शेयरों में 17.8 फीसदी गिरावट आई है जबकि बजाज फाइनेंस 17.4 फीसदी गिरा है। 1.1 लाख करोड़ के शेयर बेच चुके हैं विदेशी निवेशक मारुति और बजाज फाइनेंस में सबसे ज्यादा गिरावट आई है टेक महिंद्रा और सन फार्मा में सबसे ज्यादा तेजी आई है रिलायंस के शेयरों में गिरावट शुक्रवार को देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.6% गिरावट आई। इससे सेंसेक्स 1,690 अंक यानी 2.3% गिरावट के साथ 73,583 अंक पर आ गया।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.82 लाख करोड़ से अधिक गिरावट

**वैश्विक तनाव और तेल की कीमतों ने बढ़ाई बाजार की बेचैनी**

एजेंसी

**मुंबई।** पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों का लगभग 4 लाख करोड़ रुपये डूब गया। विशेषज्ञों का कहना है कि गिरावट के पीछे ईरान-अमेरिका तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतें प्रमुख कारण हैं। रुपया भी दबाव में रहा और डॉलर के मुकाबले 94 के स्तर से नीचे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। ?पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में




2.82 लाख करोड़ से अधिक गिरावट रही। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने शीर्ष स्थान बनाए रखा। हालांकि, इसके मार्केट वैल्यू में भी गिरावट दर्ज हुई। एचडीएफसी बैंक और टीसीएस ने सबसे ज्यादा नुकसान उठाया। इनके मार्केट कैप में भारी कमी आई, जिससे निवेशकों को बड़े स्तर पर नुकसान हुआ। भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी सभी ने मार्केट कैप में गिरावट दर्ज की। कुल मिलाकर शीर्ष 10 कंपनियों का मार्केट वैल्यू लगभग 2.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक घट गया। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक घटनाओं और कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से भारतीय शेयर बाजार अस्थिर बना हुआ है।

# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

### वैश्विक और क्षेत्रीय अनिश्चितताओं के चलते बाजार में जारी रह सकता है उतार-चढ़ाव

एजेंसी

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा इस सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा जो 2 अप्रैल को जारी होगा। वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 1 और 2 अप्रैल को जारी किये जायेंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के बढ़ते तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। इस सप्ताह में निवेशकों की निगाहें ईरान संकट पर रहेंगी। विशेषज्ञों का



कहना है कि वैश्विक और क्षेत्रीय अनिश्चितताओं के चलते बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के अंत में 73,583.22 अंक पर बंद हुआ, जो 949.74 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की गिरावट दशार्ता है। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 22,819.60 अंक पर बंद हुआ, जो 294.90 अंक या 1.27 प्रतिशत कम है। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी दबाव देखा गया।

निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ जबकि स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत घटा। सेंसेक्स की 30 प्रमुख कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। सबसे अधिक गिरावट बीईएल के शेयर में रही, जो 5 प्रतिशत तक लुढ़क गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज 4.69 फीसदी, ट्रेंट 4.64 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक 3.62 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 3.10 फीसदी और टाइटन 3.09 प्रतिशत टूटे। हालांकि, कुछ कंपनियों ने मजबूती दिखाई। एलएंडटी के शेयर में 3.82 प्रतिशत की बढ़त रही। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज 2.22 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.68 फीसदी, इंफोसिस 1.23 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.14 फीसदी और सनफार्मा 1.02 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

## सोने-चांदी की कीमतों में उछाल एमसएक्स पर सोना 1,40,780 के पार

### सोने 1200 रुपये महंगा, चांदी 4300 रुपए चढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में शुक्रवार को मजबूती देखने को मिली है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसएक्स) पर सोना करीब 1,200 रुपए की बढ़त के साथ 1,40,780 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वहीं चांदी भी 4,300 रुपए चढ़कर 2,24,120 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों कीमती धातुओं में तेजी दर्ज की गई है, जहां सोना 1.26 फीसदी बढ़कर 4432.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2 फीसदी से अधिक बढ़कर करीब 69.36 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। देश के प्रमुख शहरों में भी सोने के दाम ऊंचे बने हुए हैं। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,44,690 रुपए और 22 कैरेट 1,32,640 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 24 कैरेट सोने का भाव 1,44,540 रुपए और 22 कैरेट 1,32,490 रुपए के आसपास है। सराफा बाजार में चांदी का भाव लगभग 2,49,900 रुपए प्रति किलो दर्ज किया गया। विशेषज्ञों के अनुसार, हालिया तेजी के पीछे कई कारण हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने से बाजार में असमंजस बना हुआ है। ऊंची ब्याज दरें सोने में निवेश को कम आकर्षक बनाती हैं, क्योंकि इसमें ब्याज नहीं मिलता। इसके अलावा मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने भी सुरक्षित निवेश के रूप में सोने-चांदी की मांग बढ़ाई है। साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली से रुपया कमजोर हुआ है, जिससे आयात महंगा हो गया और कीमतों पर असर पड़ा।

# हजारीबाग में 192 सिछकमन लगालयं दौड़, पेंटिंग भी बनालयं निबंध लिखलयं, पुरस्कार भी मिललक




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**हजारीबाग।** वइसे तो इस्कूल में सिछक छउवामन के निबंध लिखेक, पेंटिंग बनायेक आउर खेल प्रतिजोगिता में भाग लेवेक ले प्रेरित करते देखाई देवयंना मुदा, हजारीबाग में सनिचर के कुछ अलगे नजारा देखेक ले मिललक। हियां सिछकमन खुदे दौड़ लगालयं, पेंटिंग बनालयं आउर निबंध लिइख के आपन प्रतिभा कर परदरसन करलयं।

**डायट में आयोजित भेलक सिछक समागम :** झारखंड कर हजारीबाग इस्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 28 मार्च के सिछक समागम कर आयोजन करल गेलक। ई कार्जकरम कर उद्घाटन डीएसई सह डायट प्रभारी आकाश कुमार करलयं। कार्जकरम कर उद्देस सिछकमन के रचनात्मक आउर सारीरिक गतिबिधि से जोड़ेक रहे, ताकि ऊ मन बिद्यार्थीमन कर सर्वांगीन बिकास ले आउर बेहतर तरीका से काम कइर सकयं।

**राइज स्तर कर पहल से जुड़ल कार्जकरम :** ई समागम झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कर पहल कर हिस्सा आहे। बछर 2026 से ई किसिम कर आयोजन कर सुरुआत करल गेलक, जेकर उद्देस सिछा कर गुनवत्ता में सुधार, सिछकमन के परसिछन आउर पाठ्यक्रम बिकास के मजबूत करेक हये ई पहल के राइज कर इस्कूली सिछा ले एगो महतपूर्न कदम मानल जात हे।

**16 परखंड से पहुंचलयं 192 गो सिछक :** ई जिला स्तरीय कार्जकरम में हजारीबाग कर 16 परखंड से कुल 192 गो सिछक-सिछिकामन सामिल होलयं। इकर में सदर, दारू, टाटीझरिया, इचाक, विष्णुगढ़, पदमा, बरही, बड़कागांव, केरेडारी, कटकमदाग, कटकमसांडी, बरकट्ठा, चौपारण, चलकुसा, डाडी आउर चुरचू परखंड कर सिछक सामिल रहयं। सउब प्रतिभागी कछा एक से आठवीं तक कर सिछक रहयं।

**छह प्रतिजोगिता में दिसलक जोस :** कार्जकरम में कुल छह किसिम कर प्रतिजोगिता आयोजित करल गेलक। इकर में 100 मीटर आउर 200 मीटर दौड़, निबंध लेखन, गायन, म्यूजिकल चेयर रेस आउर पेंटिंग प्रतिजोगिता सामिल रहे। हर प्रतिजोगिता में सिछकमन गोटा उत्साह आउर जोस कर संगे भाग लेलयं।

बिजेतामन के मिललक सम्मान : कार्जकरम कर अंत में सउब बिजेतामन के प्रमान पत्र, मेडल आउर मेमेंटो देइ के सम्मानित करल गेलक। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में निर्मला पंडित पहिल, अनिता तिग्गा दूसर आउर विनिता कुमारी तीसर आलयं। पुरुस वर्ग में तुलसी कुमार दास पहिल स्थान हासिल करलयं। 200 मीटर दौड़ में नीलू कुमारी आउर मनोज कुमार आपन-आपन वर्ग में पहिल स्थान प्राप्त करलयं।

**दूसर प्रतियोगिता कर बिजेता :** म्यूजिकल चेयर रेस में नाहिद अख्तर पहिल, उर्मिला देवी दूसर आउर किरणलता तीसर रहयं। गायन प्रतिजोगिता में कृष्णा गोप पहला स्थान हासिल करलयं, जबकि अनिता देवी आउर सकलदेव पंडित क्रमशः दूसर आउर तीसर स्थान में रहयं। पेंटिंग प्रतिजोगिता में सरयू रविदास पहिल, नीलम देवी दूसर आउर प्रीति कुमारी तीसर स्थान प्राप्त करलयं। हुवें , निबंध लेखन में श्वेता भारती पहिल, बालेश्वर महतो दूसर आउर प्रभास महतो तीसर रहयं।

**सिछा में नवाचार :** ई किसिम कर आयोजन सिछकमन कर बीच नवा ऊर्जा आउर उत्साह भरेला। इकर से न खली उनकर आत्मबिस्वास बढ़ेला, बलकि ऊ मन छात्रमन के भी बेहतर तरीका से प्रेरित करे पारयंना। कार्जकरम के सफल बनायेक में डायट कर संकाय सदस्य रंजीत कुमार वर्मा, महेंद्र कुमार गुप्ता संगे अन्य अदमीमन कर अहम जोगदान रहे। जज कर एगो टीम सउब प्रतिजोगिता कर निष्पछ मूल्यांकन कइर बिजेतामन कर चयन करलयं।

# खजूर कर डाली कर संगे मसीही समुदाय निकलालयं भब्य सोभा जातरा

## गिरिडीह कर गिरजाघर में बिसेस प्रार्थना सभा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**गिरिडीह।** प्रभु यीशु मसीह कर यरूशलेम में बिजय प्रवेस कर स्मृति में मनाल जायेक वाला पाम संडे यानी खजूर एतवार कर अवसर में झारखंड कर गिरिडीह जिला में मसीही समुदाय गोटा सरधा आउर भक्ति भाव कर संगे परब मनालयं। जिला कर बिभिन्न इलाका में खजूर कर डाली कर संगे सोभा जातरा निकालाल गेलक आउर बाताबरन पूएकदम से आध्यात्मिक रंग में रंगाय गेलक।

**गिरजाघर से निकललक भब्य सोभा जातरा :** ई अवसर में स्टीवेंसन मेमोरियल चर्च उर्फ सीएनआई पचंबा संगे कतई गिरजा से भब्य सोभा जातरा निकलाल गेलक। महिलामन, छउवमन आउर बुजुर्गमन बइढ़-चइढ़ के हिस्सा लेलयं। सरधामन हाथ में खजूर कर डाली लेइ के प्रभु यीशु कर जयघोस करते आगे बढ़त रहयं, जेकर से गोटा छेतर होशाना कर जयकारा से गूंइज उठलक।

**महेशमुंडा गिरजाघर में भी भेलक आयोजन :** महेशमुंडा कर गिरजाघर में भी खजूर कर डाली कर संगे सोभा जातरा निकलाल गेलक। हियां आयोजित मिस्सा बलिदान में बड़ संख्या में सरधालु सामिल होलयं। गोटा कार्जकरम कर दौरान भक्तिमय गीत आउर प्रार्थना से बाताबरन भक्तिमय बनल रहे।

**खजूर एतवार कर धार्मिक महतव :** मिस्सा कर दौरान फादर मसीहचरण खजूर एतवार कर महतव उपरे प्रकास डाललयं। ऊ बतालयं कि ई परब प्रेम, बिनम्रता आउर आत्मबलिदान कर प्रतीक आहे। ई न खली एगो धार्मिक आयोजन आहे, बलकि आत्मचिंतन आउर ईश्वर कर प्रति आस्था के आउर मजबूत करेक कर अवसर भी प्रदान करेला।

**यीशु मसीह कर सोवागत कर परंपरा :** ऊ बतालयं कि जब प्रभु यीशु मसीह यरूशलेम पहुंइच रहयं, तब अदमीमन उनकर सोवागत में डहर में बस्त्र बिछालयं आउर खजूर कर डाली लेइ के होशाना कर जयघोस करलयं। ई दृश्य उनकर राजा कर रूप में सोवागत आउर सम्मान के को दरसायला। एहे परंपरा के आइज भी मसीही समुदाय निभायला।

**होली वीक कर होवेला सुरुआत :** फादर कहलयं कि पाम संडे ईस्टर से पहिले आवेक वाला अंतिम एतवार होवेला आउर एहे दिन से पवित्र हप्ताह यानी होली वीक कर सुरुआत होवेला। ई बेरा प्रभु यीशु कर त्याग आउर बलिदान के याइद करेक कर होवेला।

**आस्था, प्रेम आउर एकता कर संदेस :** ई पावन अवसर में आयोजित कार्जकरम न खली धार्मिक आस्था के मजबूत करलक, बलकि समाज में प्रेम, एकता आउर भाईचारा कर संदेस भी देलक। गिरिडीह में मनाल गेलक खजूर एतवार सरधा, भक्ति आउर आध्यात्मिक जागरूकता कर सुंदर उदाहरन बइन के सामने आलक।

# होसन्ना गीत से गूंज उठलक नोवामुंडी हरसोल्लास से मनाल गेलक पाम संडे

## पवित्र मिस्सा बलिदान पल्ली पुरोहित फादर जॉर्ज एक्का सम्पन्न करालयं

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**नोवामुंडी।** नोवामुंडी कर सेंट मैरी चर्च परिसर में खजूर परब (पाम संडे) ढेइर सरधा, भक्ति और हरसोल्लास कर संगे मनाल गेलक। बिहाने 7:30 बजे से हे बड़ी संख्या में मसीही सरधालु चर्च में जुटे लागलयं। गोटा बाताबरन आध्यात्मिक ऊर्जा, उल्लास आउर भक्ति कर रंग में रंगाल नजइर आलक।

खजूर कर डालियों के आसिरबाद से सुरुआत : कार्जकरम कर सुरुआत पुरोहित द्वारा खजूर कर डाली में आशीस प्रदान करेक से भेलक। ई परंपरा प्रभु यीशु मसीह कर सोवागत आउर उनकर प्रति अटूट आस्था कर प्रतीक मानल जायेला। सरधालु ई पवित्र डाली के आपन संगे लेइ के प्रभु कर प्रति समरपन बेक्त करयंना।

भव्य शोभायात्रा ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा : इसके बाद प्रभु यीशु मसीह के येरूसलम प्रवेश की स्मृति में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा पुराने गिरजाघर से शुरू होकर टाटा स्टील के केमिस्ट्री लैब मार्ग से होते हुए पुनः चर्च परिसर में समाप्त हुई. पूरे रास्ते दाऊद के पुत्र को होसन्ना के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखाई दिए।

गुड फ्राइडे के लेइ के देलयं संदेस : फादर जॉर्ज एक्का सरधालुमन से गुड फ्राइडे कर दिन उपवास, प्रार्थना आउर परहेज राखेक कर आान करलयं। ऊ कहलयं कि ई पवित्र बेरा में आत्मिक सुद्धि आउर प्रभु कर प्रति समरपन के आउर मजबूत करेक जरुरी आहे।

बड़ संख्या में सरधालु रहयं उपस्थित : ई पावन अवसर में सैकड़ों सरधालुमन कर उपस्थिति आयोजन के आउर भी भब्य बनाय देलक। कार्जकरम में फादर जॉर्ज एक्का, सिस्टर लिसयू, सलोमी धनवार, अनुपम शिशिर धनवार, किशोर धनवार, रवि वेक, बीनसेट एक्का, अजीत होरो, मनोज लकड़ा, हरिसन टियू, अनुभा प्रीति कुजुर, हेम गुलाबी एक्का, संगीता लकड़ा आउर प्रतिमा कांडुलना संगे कई गनमान्य अदमी पहुंचल रहयं।

एकता आउर आध्यात्मिक जागृति कर संदेस : ई आयोजन खली एगो धार्मिक परब नई, बलकि ईसाई समुदाय कर बीच प्रेम, एकता आउर आध्यात्मिक जागृति कर प्रतीक भी बनलक। पाम संडे कर ई उत्सव सउब सरधालुमन के प्रभु कर माधर में चलेक आउर जिनगी में सकारात्मकता अपनायेक कर संदेस देलक।



# पलामू में धूमधाम से मनाल गेलक खजूर परब, निकलाल गेलक धर्मजातरा

**बिसेस प्रार्थना सभा में प्रेम, सांति आउर सेवा कर संदेस देलयं**

**सोनू सपवार**

**पलामू।** एतवार के झारखंड कर पलामू जिला में मसीही बिसवासीमन खजूर परब (पाम संडे) के सरधा आउर भक्ति भाव कर संगे मनालयं। जिला कर सहरी आउर ग्रामीन छेतर में इस्थित बिभिन्न गिरजाघर से खजूर धर्मजातरा निकलाल गेलक, जेकर से गोटा बाताबरन धार्मिक उल्लास से भइरगेलक।

**शांति की महारानी गिरजाघर से निकललक भब्य जातरा :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में बिहाने शांति की महारानी गिरजाघर से भब्य खजूर धर्मजातरा निकलाल गेलक। ई जातरा कर नेतृत्व फादर संजय गिद्ध करलयं। ऊ धर्मजातरा से पहिले खजूर कर डाली के आसीस प्रदान करलयं। धर्मजातरा में सामिल कैथोलिक बिस्वासी आपन हाथ में खजूर कर डाली लेइ के प्रभु यीशु कर प्रति आस्था बेक्त करते आगे बढ़त रहयं।

**होसन्ना गीत आउर जयघोस से गूंजलक सहर :** धर्मजातरा कर दौरान सरधालु होसन्ना कर गीत गाते आउर प्रभु यीशु कर जयघोस करते चलत रहयं। खीस्त हमारा राजा है, उसकी जय-जयकार करो आउर शांति का राजा आ रहा है जैसन नारा से गोटा छेतर गूंइज उठलक। ई जातरा शांति की महारानी गिरजाघर से निकइल के यूनियन चर्च, ग्रामीण बैंक रोड आउर डीडीसी आवास रोड होते फिन चर्च परिसर में सिरालक।

**बिसेस प्रार्थना सभा आउर मिस्सा पूजा कर आयोजन :** धर्मजातरा कर समापन के बाद शांति की महारानी गिरजाघर में बिसेस प्रार्थना सभा आउर पूजा-अनुष्ठान कर आयोजन करल गेलक। मुध अनुष्ठाता फादर संजय गिद्ध कर देखरेख में पवित्र मिस्सा सम्पन्न भेलक। ई दौरान सरधालुमन प्रभु यीशु कर महिमा में गीत गालयं आउर सामूहिक प्रार्थना कर आसिरबाद प्राप्त करलयं।

**प्रसाद बितरन आउर सुभकामना :** प्रार्थना सभा कर बाद सरधालुमन कर बीच खजूर परब कर प्रसाद बितरित करल गेलक। सउब एक-दूसर के ई पावन परब कर सुभकामना देलयं आउर प्रेम आउर एकता कर संदेस साझा करलयं।

**बड़ संख्या में सरधालुमन कर उपस्थिति :** ई अवसर में फादर जॉर्ज तिग्गा, अमरदीप केरकेट्टा, क्रिस्टोफर, सुरेश तिर्की, डीकन समीर तिग्गा संगे बड़ संख्या में मसीही बिस्वासी उपस्थित रहयं। सउब मिइल के ई परब के भब्य आउर आध्यात्मिक रूप से सफल बनालयं।

## बदलहु मनक सोच



– डॉ.लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, तपकरा।

बदलहु मनक सोच
समय कर मांग रे
देशक मांग रे
बदलहु मनक सोच....
।।ध्रु0।।

बेटा हो चाहे बेटी
मईत करू भेद सेथी....
हीरा आऊर मोती दुईयो
देश कर शान रे
बदलहु मनक सोच....।। 1।।

बालपने पढ़ी लिखी
उज्वल भविष्य दिखी
बिन दहेज व्याह करू
लानु नवविहान रे
बदलहु मनक सोच...।। 2।।

पुरना खेयाल छोड़ी
विकास कर नाता जोड़ी
हर ठने भ्रष्टाचार
देहु तनि ध्यान रे
बदलहु मनक सोच...।। 3।।

नावां युगे नावां रीति
बदलहु कुरीति
विहरत नारायण
करत आह्वान रे
बदलहु मनक सोच..।। 4।।
---

# गरमी बढ़ेक वाला है पानी के बचाल जाय.....



संतोष महली, ईटा, लोहरदगा।

**गरमी** कर दिन आवे लाइग हे,पानी कर समस्या बढ़ी। इ हामरे मन ले बहुत बड़ चिंता कर बिसय है। अगर हामिन एखने से सचेत नी रहब तो आगे जायके बहुत दिक्कत कर सामना करेक पड़ी। आउ कुछ उपाय देवल जाथे धेयान देउ,जेकर से राउरे मन पानी के बचत कइर सकिला आउर गरमी में परेशानी से बाइच सकिला ....!!

**पानी बचाय ले कुछ जरूरी बात :** पानी कर बरबादी रोकेक पड़ी,इकर ले हामरे के अपन आदत में तनि बदलाव लानेक पड़ी। बरस -दतुन करेक समइ या मुंह हांथ धोवेक समइ नल के खुला कइर के नखे छोड़ेक ।साथे साथ अगर घर कर कोनो नल चुअत (leak) है, तो उके तुरंते ठिक करवाउ। तनी-तनी चुअत पानी दिन भइर में कयो बाल्टी पानी बरबाद कइर देवेला।

**सोखता गाढ़ा :** गांव हो चाहे सहर सोखता बनाएक बहुत जरूरी है एखन कर समइ में । घर कर बेकार पानी के हिने-हुने बही सेकर से पहिले एगो गाढ़ा में जमा करू ताकि उ जमीन के भितरे जाइ आउर पानी कर लेबल (जल स्तर) के बढ़ाय के राखी। अगर संभव है तो बरखा कर पानी के जमा करे कर भी जोगाड़ लागाउ । खेती बारी आउर बगइचा पटाएक बेरा तनि सावधानी बरतेक भी जरूरी आहे। पानी पटाय कर सही समइ बिहान या सांझ के होवेक चाही, काले की दुपहरिया में पानी भांप बइन के उइड़ जायला।




**घर कर काम में बचत :** साग सब्जी धोवल पानी के फेकेक से बढ़िया उके अंगना कर फुल पतई मन में डालु । गाड़ी धोवेले भी पाइप कर प्रजोग कमे करू बाल्टी में भइर के छिछु इसन करल से कम पानी खारचा होवी।

**नावां - नावां गछ लगाउ :** पानी के बचाएक कर सउब से सुंदर उपाइ है गछ लगाउ,गछ भी पिपर,पाकइर आम्बा, जामून,बर इ गछ मन धरती कर नमी के बनाय के राखैना आउर गंदा हवा के सुरइप साफ हवा भी देवैना। इंदरे -कुइंया के देखु नी बरसाइत में छप - छप पानी भरल रहेला आउर गरमी कर आतेहे निचे चइल जायला मुदा केखो पियासे नी रहे देवेला,तनि - तनि ही सही मगर पझरते रहेला। पानी है तो जान है, पानी कर बिना सउब सुनसान है। अगर हामिन आईज एकक-एकक बुंद पानी के बचाब तो हामरे मन ले ही बढ़िया है,आउर हामरे कर छउवा पुताह (बच्चा मन) सुख से रहबैं। आउ इ गरमी में एगो संकल्प लेविला की पानी के बरबाद निही करना है,हर हाल में पानी के बचाना है।

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. JHABIL/2023/86791, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com